नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

**आज का मौसम**

रविवार को धूप खिली रहने से मौसम खुला रहने की संभावना है। तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी।

39.0⁰ अधिकतम तापमान | 29.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 : 00

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## एक नजर

### पट्टे की जमीन पर कूड़ा डालने के विरोध पर महिला को पीटा

**तिर्वा।** मदनापुर गांव निवासी सोनकली पत्नी प्रयागसिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 5 जून को उसके ही परिवार के शांति देवी, देशराज, घनश्याम, भगवतदयाल उसके पट्टे की भूमि पर कूड़ा डाल दिया। जब उसने उठाने के लिए कहा तो उक्त लोगों ने उसे लात घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया।

# विद्या भारती व संघ के कार्यक्रमों का बहिष्कार करेगा वैश्य समाज

## प्रबंधक के निलंबन, एफआईआर दर्ज होने पर बैठक कर लिया निर्णय

संवाददाता तिर्वा कन्नौज

**अमृत विचार।** सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक पर गबन में रिपोर्ट दर्ज होने व निलंबन की कार्रवाई से वैश्य समाज के लोगों में रोष उत्पन्न हो गया। समाज के लोगों ने बैठक कर विद्या भारती की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। निर्णय लिया कि जब तक मामले का समाधान नहीं होता तब तक विद्या भारती समेत संघ के सभी कार्यक्रमों का बहिष्कार किया जाएगा।

कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक रहे प्रदीप गुप्ता पर कॉलेज प्रशासन ने गबन का आरोप लगाकर निलंबन करते हुए रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। इसके बाद पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी को लेकर दबिश दी गई। इससे नाराज वैश्य समाज के लोगों ने शुक्रवार की रात को एक गेस्ट हाउस में बैठक की। इसमें कहा कि विद्या भारती से जुड़े कुछ लोगों द्वारा विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारों का दुरुपयोग कर तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है।



बैठक करते वैश्य समाज के लोग। अमृत विचार

### व्यक्तिगत रंजिश के चलते किया जा रहा टारगेट : प्रदीप

पूर्व प्रबंधक प्रदीप गुप्ता ने आरोप लगाया कि उन्हें व्यक्तिगत रंजिश और दबाव के चलते टारगेट किया जा रहा है। प्रधानाचार्य द्वारा किए जा रहे अनैतिक कार्यों में सहयोग न करने पर साजिशन रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रकरण में समझौता करने को लेकर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस द्वारा घर पर लगातार दी गई दबिश से उनकी छवि पर असर पड़ा। मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो।

बिना जांच और प्रक्रिया के सीधे प्रबंधक को हटाना न केवल अनुचित है, बल्कि समाज के सम्मान के खिलाफ साजिश है। वैश्य समाज के लोगों ने कहा कि जब तक मामले का कोई समाधान नही होता जब तक विद्या भारती समेत संघ द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों का बहिष्कार किया जाएगा। इसके साथ समाज से एकत्र होने वाली गुरु दक्षिणा पर अंकुश लगाया जाएगा। इस मौके पर गोपाल गुप्ता, अंशुल गुप्ता, मनोज, शिखर गुप्ता, प्रखर गुप्ता, गौरव गुप्ता, ज्ञानेश गुप्ता, नरेश गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिले में होगी नागरिक सुरक्षा कोर की स्थापना

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- प्रदेश के 49 जनपदों में कन्नौज भी शामिल
- जिला मजिस्ट्रेट होंगे कोर के नियंत्रक

**अमृत विचार।** शासन के आदेश से जिले में नागरिक सुरक्षा कोर की स्थापना की जाएगी। इसको लेकर राज्यपाल की तरफ से आदेश जारी किए गए हैं। इस कोर के नियंत्रक जिला मजिस्ट्रेट होंगे।

नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 की धारा-4 की उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल ने जनपद कन्नौज के व्यक्तियों के लिए एक निकाय का गठन किये जाने के निर्देश दिये हैं, जिसे जिले का नागरिक सुरक्षा कोर कहा जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट को उक्त कोर का समादेशन करने के लिए नियंत्रक नियुक्त किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट ने उक्त कोर का समादेशन करने के लिए नियंत्रक के रूप में कार्य प्रारम्भ करते हुये अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) को प्रभारी अधिकारी के रूप में आगे की कार्यवाही किये जाने हेतु नामित किया गया है। नागरिक सुरक्षा कोर मुख्यतः जनपद के नागरिकों की सुरक्षा के लिये बनायी गई हैं। जल्द ही नागरिक सुरक्षा क्रियाकलापों का संचालन हो जाएगा। नागरिक सुरक्षा संगठन त्यौहारों, मेलों एवं प्राकृतिक आपदा यथा बाढ़, भूकम्प व जन कल्याणकारी कार्यों व प्रशासन द्वारा संचालित किये जाने वाले अभियानों में भी सहयोग करेंगे।सिविल डिफेंस के तहत, नागरिकों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, और राहत कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है, जो संकटकाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह व्यवस्था न केवल प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, और चक्रवात, बल्कि युद्ध या अन्य मानव-निर्मित संकटों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सिविल डिफेंस का एक महत्वपूर्ण पहलू है नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भागीदारी।

### 12 प्रकार की सेवाएं होंगी शामिल

नागरिक सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन के लिए 12 प्रकार की सेवाओं का गठन किया गया हैं। मुख्यालय सेवा, संचार सेवा, वार्डन सेवा, हताहत सेवा, अग्निशमन सेवा, प्रशिक्षण सेवा, बचाव सेवा, कल्याण सेवा, पूर्ति सेवा, शव निस्तारण सेवा, लावारिस सम्पत्ति की सुरक्षा, डिपो एवं परिवहन सेवा शामिल हैं। इस कार्य में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) को प्रभारी अधिकारी नामित किया गया हैं।



कैंसर अस्पताल का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव। अमृत विचार

# मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखीं

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा ने मरीजों से ली जानकारी

**अमृत विचार।** प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा ने मेडिकल कालेज पहुंच कर तैयार खड़े कैंसर अस्पताल व कार्डियोलॉजी भवन समेत इमरजेंसी का निरीक्षण किया। वहां भर्ती मरीजों से जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं की हकीकत परखी।

शनिवार की सुबह आगरा से लखनऊ जा रहे उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा शिक्षा प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा अचानक मेडिकल कालेज पहुंच गए। यहां कालेज प्रशासन के साथ इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण करते हए भर्ती मरीजो से एलाज को लेकर जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजो को बेहतर उपचार दिलाया जाए। मरीजो से डाक्टर अच्छा बर्ताव करें। प्रमुख सचिव ने बताया कि कैंसर अस्पताल व कार्डियोलॉजी को जल्द ही चालू कराने के प्रयास सरकार की तरफ से किए जा रहे है। इनकें संचालति होने से स्थानीय मरीजों को सहूलियत होगी और उन्हें बाहर के जिलों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इसके साथ ही पैसों व समय की भी बचत होगी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सीपी पाल, सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह समेत अन्य डाक्टर मौजूद रहे।

# 3 जिलास्तरीय अफसरों का गैरजनपद स्थानांतरण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीवीओ के बाद पीडी डीआरडीए व जिला समाज कल्याण अधिकारी की सूची जारी
- कई अधिकारी मनचाही तैनाती के लिए भागदौड़ में लगे, लगा रहे तिकड़म

**अमृत विचार।** तबादले का सीजन चल रहा है। इसी के तहत 3 जिलास्तरीय विभागों के अफसरों का स्थानांतरण गैरजनपद हो गया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) के बाद परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण और जिला समाज कल्याण अधिकारी

जनपद में करीब एक साल पहले आए समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह का निजी अनुरोध पर गोण्डा तबादला किया गया है। उनके स्थान पर निजी अनुरोध पर गाजियाबाद से वेदप्रकाश मिश्रा कन्नौज भेजे गए हैं। इसी तरह पीडी रामऔतार सिंह का स्थानांतरण ग्राम्य विकास मुख्यालय के लिए हुआ है। वाराणसी के जिला विकास अधिकारी अशोक कुमार कन्नौज के नए परियोजना निदेशक होंगे। इससे पहले सीवीओ डॉ. सुनील दत्त प्रजापति का भी तबादला मुरादाबाद के लिए हो गया है। उनके स्थान पर रायबरेली से डॉ. अनिल कुमार कन्नौज में कार्यभार लेंगे। 15 जून तक स्थानांतरण का समय है इसलिए अंतिम दौर में भी सूचियां जारी होंगी। कुछ अफसर मनचाही तैनाती के लिए भागदौड़ भी कर रहे हैं। विकास भवन की एक अधिकारी के बारे में कहा जा रहा है कि उनको पूरा आत्मविश्वास है कि वह उन्नाव में तैनाती पा लेंगी। उन्होंने मई में ही तिकड़म लगा ली है।

# अश्लील हरकत करने से मना करने पर महिला से मारपीट

**तिर्वा।** घर में घुसकर महिला से अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बनाने का विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई।

ठठिया थाना क्षेत्र की महिला ने कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया कि 7 अप्रैल की दोपहर वह अपने घर पर लेटी थी। घर के बाहर का दरवाजा खुला हुआ था। उसी दौरान दौलतपुर निवासी नीलू ठाकुर पुत्र शिवराम, भदौसी गांव निवासी आशू कटियार पुत्र प्रेमनरायन, राजू पाल पुत्र जैसी पाल एक राय होकर उसके घर के अंदर घुस आए और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी पर न्याय न मिला तब उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

# पीड़ित परिजनों से मिले समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बेहरिन गांव पहुंचकर कहा, सरकार से दिलाएंगे आर्थिक मदद
- बाइक की टक्कर से 2 ग्रामीणों की हुई थी मौत, दो घायलों का चल रहा इलाज

**अमृत विचार।** कोतवाली तिर्वा इलाके के गांव बेहरिन में 10 दिन पहले बाइक की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई थी। शनिवार को शांतिपाठ के दौरान पीड़ित परिजनों के यहां पहुंचकर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही मदद का भरोसा दिया।

दरअसल, बेहरिन बाजार के पास 28 मई को गांव निवासी रामनरेश (52), नेकराम (60), राजवीर कुशवाहा (35), अरविंद कुशवाहा (40) पेड़ की छांव में बैठे थे। तभी तिर्वा की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी थी जिसमें रामनरेश एवं नेकराम की मौत हो गई थी। साथ ही राजवीर व अरविंद गंभीर रूप से घायल होने के चलते राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया। मृतकों के परिजनों व घायलों से मुलाकात कर मंत्री व भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने हालचाल लिए। प्रधान राजेश राठौर ने बताया कि समाज कल्याण मंत्री ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और सरकार से आर्थिक सहयोग दिलाने की भी बात कही। प्रधान ने मंत्री को बताया कि हादसे में घायल अरविंद कुशवाहा व राजवीर कुशवाहा का अब तक इलाज चल रहा है।



बेहरिन गांव में पीड़ित परिजनों व प्रधान से बातचीत करते मंत्री असीम अरुण, साथ में जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### दो ट्रांसफार्मर पोल से गिरा कर तेल, क्वायल चोरी

**कन्नौज।** वहादुरपुर उजैना गांव के निकट चोरों ने दो ट्रांसफार्मर गिराकर तेल व तांबे के क्वायल चोरी कर लिये। अवर अभियंता ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने बहादुरपुर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट बहादुरपुर निवासी रामनाथ पुत्र नारायण व सरायमीरा निवासी अशोक दुबे पुत्र दामोदर दुबे के निजी नलकूपों पर लगे डबल पोल पर रखे ट्रांसफार्मर नीचे गिरा दिये। इसके बाद उसका तेल व तांबे के क्वायल चोरी कर लिये। सुबह होने पर लोग जब उधर से निकले तो देखा कि ट्रांसफार्मर से नीचे गिरे हुए हैं। निकट जा कर देखा तो पाया कि ट्रांसफार्मर को चोरों ने खोल कर उसका तेल व तांबे के क्वायल चोरी कर लिये। जानकारी पर लाइनमैन व अवर अभियंता राजेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने जानकारी करने के बाद कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करा दी है।



पोल के नीचे पड़ा ट्रांसफार्मर।



मैदा मिल में घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व अन्य।

### मैदा मिल में पल्लेदार का शव पेड़ से लटका मिला

**तिर्वा।** बिहार के पल्लेदार ने गले में रस्सी से फंदा लगाकर पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद मधुबनी बिहार के थाना वासुक गांव वलाट निवासी अक्षय (33) पुत्र परमेश्वर अपने परिवार के साथ खुरदइया गांव के पास एक निजी मैदा मिल में रहकर मजदूरी करता था। किसी बात को लेकर उसने मिल के अंदर खड़े पेड़ से रस्सी का फंदा लगा कर जान दे दी। शनिवार की सुबह जब लोग जागे तो घटना का पता चला। घटना की जानकारी कर्मचारियों ने मिल मालिक को दी। सूचना पर पहुंचे उसके चचेरे भाई बहादुर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। घटना का कारण नहीं पता चल सका है।

### उमर्दा ब्लाक में तीन सीएचसी लेकिन सर्जन एक पर भी नहीं

**तिर्वा, कन्नौज।** उमर्दा ब्लाक में तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं लेकिन एक पर भी सर्जन नहीं है। इससे लोगों को छोटे-मोटे आपरेशन के लिए निजी अस्पताल या फिर बाहरी जनपदों की दौड़ लगानी पड़ती है। सरकार की तरफ से प्रत्येक सीएचसी पर एक ओटी के साथ सभी सुविधाएं देने के निर्देश हैं। साथ ही एक सर्जन की भी तैनाती के निर्देश हैं। ब्लाक में तिर्वा, उमर्दा, जनखत में सीएचसी का संचालन हो रहा है लेकिन कहीं पर भी सर्जन की तैनाती नहीं है। इसका फायदा निजी अस्पताल संचालक उठा रहे हैं। तिर्वा सीएचसी के चिकित्साधिकारी डाक्टर राजन शर्मा ने बताया कि तिर्वा सीएचसी पर एक सर्जन की तैनाती थी पर वह करीब एक साल से नही आ रहे। मौजूदा समय पर किसी सीएचसी पर सर्जन नहीं है।




उमर्दा कस्वे का सीएचसी। अमृत विचार

**समर कैंप** | राजकीय इंटर कॉलेज, उमर्दा में चल रहे समर कैंप में कचरा प्रबंधन पर जानकारी दी

# प्लास्टिक से करें तौबा, कचरे का निपटान भी जरूरी



प्लास्टिक की बोतलें व कचरा एकत्र कर बाल्टी में डालतीं छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** राजकीय इंटर कॉलेज, उमर्दा में चल रहे समर कैंप में कचरा प्रबंधन पर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। कहा गया कि इसके तहत कचरे को इकट्ठा करने के बाद उसका निपटान और दोबारा उपयोग करने के तरीके अपनाते हैं। इसका मकसद कचरे के प्रभाव को कम करना और पर्यावरण को साफ रखना होता है। इसके अलावा स्वास्थ्य लाभ व संसाधनों का संरक्षण भी होता है।

कंपोस्ट बनाने की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता की पहल पर विद्यालय परिसर को कचरा मुक्त करने का संकल्प लिया गया। साथ ही अपने गांव और शहर को भी कचरा मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाने को कहा गया। इस मौके पर महेश यादव, शिवांशु बाबू, आकाश, अमन, शिवचंद्र उपस्थित रहे।



पोस्टर के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## पर्यावरण संरक्षण के बनाए पोस्टर

**छिबरामऊ।** हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप में छात्र-छात्राओं कचरा प्रबंधन व पर्यावरण संरक्षण को लेकर पोस्टर बनाए।शनिवार की सुबह योग शिक्षक श्याम सिंह यादव एवं वेदिका द्वारा योग और प्राणायाम कराया। समर कैंप प्रभारी मेजर संदीप कुमार माधव ने कचरा प्रबंधन पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई। स्काउट मास्टर सत्य पाल सिंह के नेतृत्व में एक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित चित्र बनाए। प्रधानाचार्य राधा वल्लभ मिश्र ने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के महत्व पर जानकारी दी। इस दौरान विवेक दीक्षित सहित 108 बच्चे मौजूद रहे।

# फिर चढ़ने लगा पारा, कड़ी धूप ने किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



- अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**अमृत विचार।** एक बार फिर से मौसम ने करवट बदल ली है। इसके साथ ही पारा चढ़ना शुरू हो गया है। अधिकतम तापमान फिर से 40 के आंकड़े की तरफ बढ़ चला और दिन भर पछुआ हवा चली।

शनिवार को सुबह से ही सूरज की किरणों में तेज तपिश महसूस की गई। जैसे-जैसे घड़ी की सुइयां आगे बढ़ीं वैसे-वैसे गर्मी का प्रकोप भी बढ़ने लगा। दोपहर 12 बजते बजते गर्मी व गर्म हवाएं अपने चरम पर पहुंच गईं। इससे लोगों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। हालांकि बकरीद का पर्व होने से सरकारी कार्यालयों में छुट्टी थी इसलिए नौकरीपेशा लोग जरूरत पर ही घरों से निकले। दोपहर 12 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक बाजार व सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। यह बात अलग है कि जगह-जगह लगी इक्कादुक्का शीतल पेय की दुकानों पर कुछ लोग गला तर कर गर्मी से राहत पाने का प्रयास करते नजर आए। शाम छह बजे के बाद जब दिन ढलना शुरू हुआ तो भी गर्मी का सितम कुछ खास कम नहीं हुआ। सात बजे सूरज से छिपने के बाद ही लोग बाजार आदि के काम से बाहर निकले जिससे शाम से रात तक बाजार में चहलपहल रही।कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

# ईदगाह और मस्जिदों में हुई नमाज मुल्क की खुशहाली को उठे हाथ

## ईदगाह में नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन कीओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। नमाजियों ने ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा की।

कहीं भी सड़कों पर नमाज नहीं हुई। ईदगाह में खुदा की इबादत के बाद लाखों हाथ देश में शांति और अमन चैन की दुआ के लिए उठे। ईदगाह में नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की बेहतर व्यवस्था रही। शनिवार सुबह से ही लोग ईद की तैयारियों में जुट गए। सुबह सात बजे शहर की ईदगाहों में नमाज के लिए लोग एक घंटा पहले से ही पहुंचने लगे। सात बजे तक ईदगाह नमाजियों से भर गई। जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मोअज्जम अली ने नई ईदगाह में नमाज अदा कराई। पुरानी ईदगाह में मौलाना जैनुल आब्दीन, फतेहगढ़ ईदगाह में मौलाना राशिद साहब, टाउन हाल मस्जिद में शहर काजी मुताहिर अली, दरगाह हुसैनिया मुजीबिया में सैयद शाह फसीह मुजीबी ने नमाजियों को ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई।


ईदगाह में नमाजी ईद उल अजहा की नमाज अदा करते हुए । अमृत विचार

नमाज के बाद लोगों ने बकरीद पर जानवरों की कुर्बानी अपने अपने घरों में की। नमाज को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए ईदगाह को चारों ओर कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था रही।

### कायमगंज में बकरीद पर सुबह से ही दिखी रौनक

कायमगंज ।कायमगंज में ईद उल अजहा (बकरीद) पूरे कायदे, अकीदत और सम्मान के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर व देहात में त्योंहार की रौनक देखी गई। करीमनगर ईदगाह, जामा मस्जिद सहित तमाम मस्जिदों में हजारों मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की गई ।करीमनगर ईदगाह में सुबह 8 बजे मुफ्ती मुंतजिर की इमामत में नमाज अदा की गई। इसी तरह जामा मस्जिद में हाफिज शाहनूर और गढ़ी नूर खां मस्जिद में मौलाना जाकिर अली ने नमाज पढ़ाई ।नमाज से पूर्व उलेमाओं ने अपनी तकरीर में रसूल-ए-पाक की सुन्नतों पर अमल और कुर्बानी की हिकमत को समझने पर जोर दिया

# सभासद पर गाली-गलौज कर धमकाने का आरोप

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला उमरारखेरा के सभासद संतोष कुमार उर्फ शनि का शुक्रवार की रात शहर के झांसी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के बाहर हंगामा व गाली गलौज करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें देखा जा रहा है कि सभासद रेस्टोरेंट संचालक को गाली दे रहे हैं, इसके साथ ही वह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

वीडियो वायरल होने के बाद शनिवार को व्यापारियों के साथ रेस्टोरेंट संचालक विशाल गुप्ता कोतवाली पहुंचा और पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें आरोप लगाते हुए बताया कि गुरुवार की रात वह अपने कर्मचारियों के साथ खाना खा रहे थे। तभी भाजपा सभासद संतोष कुमार शनि कार से वहां पहुंचे और खाना मांगने लगे। जब उसने कुछ देर बैठने के लिए कहा तो वह आक्रोशित हो गए और गाली गलौज करने लगे और उन्होंने रेस्टोरेंट बंद कराने की भी धमकी दी। साथ ही कहा कि जब वह पूर्व पालिकाध्यक्ष से नहीं डरे तो वह तो उसके लिए मामूली चीज है। इसके बाद लगातार गाली गलौज करते रहे।

**मारपीट कर जान से मारने की धमकी: अमृतपुर ।** थाना क्षेत्र के ग्राम राजपुर निवासी विजेंद्र पुत्र रामेश्वर ने गांव के ही निवासी रामपाल पुत्र मथुरा पर आरोप लगाया कि उन्होंने पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध रूप से झोपड़ी डालकर कब्जा कर रखा है। जब वह अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था उसी समय आरोपी ने गाली देते हुए धमकी दी एवं मारपीट करने लगा। आरोपी व्यक्ति झगड़ालू किस्म का है। जो आए दिन झगड़ा करता है ।

## सार-संक्षेप


विद्यार्थी को अकादमी संचालक सम्मानित करते हुए । अमृत विचार

### विद्यार्थियों का प्रयास अकादमी ने किया सपना पूरा

**फर्रुखाबाद ।** प्रयास अकादमी शैक्षणिक संस्थान और पदों पर चयनित छात्र छात्राओं द्वारा अकादमिक उत्कृष्टता का जश्न मनाने और छात्रों को प्रेरित करने के लिए आयोजन किया गया हैं। अकादमी के संचालक ने बताया कि हार मानना हमारी कमजोरी नहीं, बल्कि हमारी सफलता का पहला कदम है। ग्राम विकास अधिकारी के पद पर चयनित तान्या सिंह ने कहा प्रभात सर से बहुत सीखा है वह किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक ज्ञान भी देते हैं ।लेखपाल पद पर चयनित अभय प्रताप सिंह ने परीक्षा पास करने के बाद अपने प्रिय गुरु के चरणों में स्वयं की लिखी कविता प्रस्तुति की ,पुलिस में चयनित अमित कुमार पाल, गोपाल शर्मा , बिपनेस कुमार, राजीव कुमार, नारद कुमार, सौरभ यादव, सचिन यादव, को प्रयास अकादमी में प्रमाण पत्र और मेडल, पुष्पमाला से सम्मानित किया गया ।

### टैंकर व डंपर की भिड़ंत में एक चालक की मौत

**उरई ।** डंपर व टैंकर में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों चालक घायल हो गए। जिसमें एक ने दमतोड़ दिया, तो दूसरे का इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है ।कृष्ण कालोनी भिंड मप्र निवासी 32 वर्षीय अंशु कुशवाहा अपने साथी चालक 36 वर्षीय प्रदीप यादव के साथ टैंकर लेकर इलाहाबाद गया था। इलाहाबाद में टैंकर खाली करने के बाद दोनों वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही टैंकर राठ के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टैंकर में सीधी टक्कर मार दी, जिससे टैंकर में सवार दोनों चालक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस की मदद से दोनों को बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां से मेडिकल कालेज रेफर किया गया था। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान अंशू कुशवाहा की मौत हो गई।

### चार लोगों ने गटका कीटनाशक पदार्थ, तीन गंभीर


**कायमगंज।** कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव अरामपुर निवासी खुशबू देवी (23) पत्नी प्रवेश कुमार कंम्पिल क्षेत्र के गांव हरजू नगला निवासी कमलेश का 14 वर्षीय पुत्र सोनू थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव संत कुइयां निवासी रजनीश (35) व कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव चिंउलारा निवासी ममता (32) पत्नी ब्रजेश ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई तब गंभीर हालत मे परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नमाज अदाकर मांगी मुल्क की तरक्की

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** शनिवार को त्याग एवं कुर्बानी का प्रतीक पर्व ईद उल अजहा परम्परागत तरीके से बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। धर्म नगरी कालपी की शाही ईदगाह समेत आधा दर्जन मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने हाथ उठाकर बकरीद की नमाज अदा की। साथ ही मुल्क की तरक्की तथा खुशहाली के लिए अल्लाह से दुआयें मांगीं।

शाही ईदगाह में सुबह 8 बजे शहर काजी मौलाना नजमुल हुदा की इमामत में 10 हजार से अधिक नमाजियों के द्वारा सामूहिक रूप से ईद उल अजहा की नमाज संपन हुई। शाही ईदगाह में तकरीर करते हुए शहर काजी ने अपने वतन से प्यार करने की नसीहत दी। अपने - अपने बच्चों को दीनी तथा दुनियावी तालीम दिलाने की अपील करते हुये कहा कि तरक्की तथा खुशहाली का हर रास्ता शिक्षा से होकर जाता है। शहर इमाम द्वारा नगर वासियों, प्रशासनिक अधिकारियों को मुबारकबाद की दी गई। इससे पहले खानकाह शरीफ मस्जिद में मुफ्ती ए शहर मौलाना अशफाक अहमद बरकाती की इमामत में ईद-उल- अजहा की नमाज सम्पन्न हुई। उन्होंने अपनी तकरीर में दीन पर चलने की नसीहत दी। मुड़िया गुम्बद मस्जिद में पेश इमाम हाफिज दावर रजा, मखदूमिया मस्जिद में मौलाना जियाउद्दीन, खजूर वाली मस्जिद मुहल्ला दमदमा में कारी अब्दुल समी की इमामत में नमाज अदा कर नमाजियों ने मुल्क की खुशहाली व अमन-चैन के लिए दुआयें मांगीं। सुभान मस्जिद में कारी नूरुद्दीन की इमामत में ईद की नमाज अदा की गई। इसके अलावा गुलौली की 3 मस्जिदों में ईद की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। निवर्तमान पेश इमाम कारी शमशुद्दीन रहमानी,


नमाज अदा करने के बाद खड़े मुस्लिम समाज के लोग। • अमृत विचार

मदरसा गौसिया मजीदिया के प्रबंधक हाफिज इरशाद अशरफी मदरसा गौसिया मजीदिया के प्रिंसिपल मुफ्ती तारिक बरकाती, तकिया मस्जिद के इमाम हाजी मुजीब अल्लामा, हाफिज कासिम के अलावा पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जगजीवन अहिरवार, क़मर अहमद,परवेज कुरैशी, रामकुमार ओमरे, प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी, अमर सिंह चंदेल, राजेश गौतम, आदि ने भी नमाजियों से गले मिलकर एक दूसरे को ईद उल अजहा की शुभकामनाएं दी।

# विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने भरी हुंकार

**फर्रुखाबाद ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने शनिवार को बैठक करके निजीकरण के विरोध में हुंकार भरी है । संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण के विरोध में 22 जून को होने वाली बिजली महापंचायत में किसानों और उपभोक्ताओं के बड़े राष्ट्रीय संगठन सम्मिलित होंगे ।

निजीकरण को लेकर संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पांच सवाल पूछे जाएंगे । उन्होंने कहा कि

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले आगामी 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत में देश के किसानों और उपभोक्ताओं के कुछ बड़े संगठन सम्मिलित होंगे। संघर्ष समिति ने बताया कि बिजली महापंचायत का ऐलान होते ही कई संगठनों ने संघर्ष समिति से संपर्क किया है। संघर्ष समिति ने आज पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से निजीकरण पर पांच प्रश्न पूछे हैं। संघर्ष समिति ने कहा है कि प्रत्येक शनिवार और रविवार को संघर्ष समिति 5 - 5 प्रश्न निजीकरण को लेकर प्रबंधन से पूछेगी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# इज्जत के लिए नहीं, इबादत के लिए कराएं कुर्बानी

संवाददाता उरई जालौन

अमृत विचार। अल्लाह को हजरत इब्राहिम का जज्बा बेहद पसंद आया और उसने उनकी कुर्बानी को कुबूल किया। इसी तरह कुर्बानी में दिखावा नहीं करना चाहिए। बल्कि अपने दिल के करीब रहने वाली चीज को दूसरों की बेहतरी के लिए अल्लाह की राह में कुर्बान करना चाहिए।

उक्त बात इदुल अजहा (बकरीद) की नमाज के दौरान शहर की करसान रोड स्थित सुन्नी ईदगाह में शाही इमाम हाफिज फिरोज अली रहमानी ने कही। उन्होंने कहा कि कुर्बानी इज्जत के लिए नहीं बल्कि इबादत समझकर करानी चाहिए।

वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि बिजय चौधरी ने कहा कि हमेशा से हमारे त्योहारों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बधाई दी है। इसलिए हमेशा कि परम्परा को जारी रखते हुए मुस्लिम समुदायों के लोगों को ईदगाहों पर पहुंचकर गले मिलकर बधाई देने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर अपने दर्जनों पदाधिकारियों के साथ मिलकर ईदगाह पर कैंप लगाकर मुस्लिम समुदायों के लोगों को इदुल अजहा (बकरीद) की बधाई दी। इस मौके पर महेश द्विवेदी सर, वीरेंद्र यादव, सुनील पाल, बेद यादब, महेश शिरोमणि, विवेक यादव, धीरेन्द्र सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

वहीं डीएम राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार पूरे समय नजर बनाये रहे। पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी रही ईद उल अजहा की धूम

**कालपी ।** कालपी तहसील के अकबरपुर इटौरा तथा सन्दी आदि ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में सैकड़ों नमाजियों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा करके सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाया ।

शनिवार को सुबह से ही नये-नये कपड़े पहन कर मोमिन तथा बच्चे ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में पहुंचे। पेश इमाम ने सैकड़ों नमाजियों को सामूहिक रूप से ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई गई। नमाजियों ने खुशहाली के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। नमाज अदा होने के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। नायब तहसीलदार कालपी चंद्र मोहन शुक्ला समेत पुलिस जवान मौजूद रहे। बकरीद पर्व को लेकर पुलिस तथा प्रशासन के द्वारा कालपी में पुख्ता व्यवस्था की गई थी।

## महिला से मारपीट पर मुकदमा दर्ज

**कालपी जालौन।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुटरा में खेत में पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में चार लोगों के द्वारा महिला के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया।

निवासिनी क्षमा देवी ने कालपी कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थिनी के खेत में पेड़ लगा हुआ है। दिनांक 4 जून 2025 को नामजद आरोपियों गवद्दे पुत्र मुन्नीलाल, गोविंद, दीपनारायण व रिंकू पुत्रगण गवद्दे मेरे खेत में लगे पेड़ को काट रहे थे। मैंने जब उनको पेड़ काटने से रोका तो चारों लोग मारपीट करने लगे। डन्डे से हमला करने पर प्रार्थिया का पैर फैक्चर हो गया। तथा शरीर में चोटे आई है। रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# लाखों की नकदी के साथ एक दर्जन जुआरी दबोचे

संवाददाता उरई जालौन

अमृत विचार। मोहल्ला गांधी नगर वैष्णवी मैरिज होम में सजे जुएं के फड़ पर पुलिस ने छापेमारी कर दी। इस दौरान पुलिस ने एक दर्जन से अधिक जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया।

शहर के मोहल्ला गांधी नगर वैष्णवी मैरिज होम में काफी दिनों से जुआ का अड्डा संचालित किया जा रहा था। शुक्रवार की रात को पुलिस को सूचना मिली कि जुएं की फड़ लगी हुई है। खबर मिलते कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय के निर्देशन में पुलिस टीम ने छापेमारी की।

पुलिस ने मौके से राजकुमार निवासी पाठकपुरा, महेंद्र कुमार इंदिरा नगर, प्रदीप दीक्षित इंदिरा नगर, राजकुमार राजपूत तुलसी नगर, कमल निवासी पुराना रामनगर, गोपाल यादव पटेल नगर, विजय आनंद सुशील नगर, नीलेश पटेल राजेंद्र नगर, महेंद्र नया पाठकपुरा, विवेक शिवहरे राजेंद्र नगर, विजय पाल बघौरा, दीपक कुशवाहा जगदेवपुर को गिरफ्तार किया। जबकि कल्लू मौके से भाग निकला। जुआरियों के पास से 12 मोबाइल और तीन लाख 85 हजार रुपये बरामद हुए। सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांचकर रही है।



# नमाज अदा कर मांगी मुल्क में अमन, चैन की दुआ

## धूमधाम से मनाया गया ईद उल अज़हा का पर्व, मस्जिदों में नमाज अदा कर दी एक -दूसरे को बधाई

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** ईद उल अज़हा (बकरीद) का पर्व शहर में परम्परागत तरीके से आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। हजारों लोगों ने ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों मे बक़रीद की नमाज अदा कर एक दूसरे को जहां बधाई दी वहीं मुल्क में आपसी भाईचारे और अमन चैन की दुआ मांगी।

ईदगाह कमेटी के मुतवल्ली डॉ. मोहम्मद अफजाल ने बताया सुन्नी समाज की ईदगाह में ईद उल अज़हा बकरीदकी नमाज दो शिफ्टों में अदाहुई। पहली शिफ्ट में पेश इमाम ईदगाह मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी और दूसरी शिफ्ट में मौलाना फरहान बरकाती ने नमाज अदा कराई। बकरीद की नमाज ईदगाह परिसर के अंदर हुई। इस दौरान मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी ने मुल्क में अमनचैन की दुआ करते हुए सभी लोगों से मिलजुल कर बक़रीद मनाने की अपील की। इसके बाद नमाजियों ने आसपास की मस्जिदों में नमाज पढ़ी। ईदगाह में नमाज की व्यवस्था सेकेट्री डॉ. मोहम्मद अफजाल, कोषाध्यक्ष अब्दुल हन्नान मंसूरी द्वारा की गई। डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अफसरों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद उल अजहा की बधाई दी। कचहरी मस्जिद में व्यवस्थापक आदिल अख्तर की देखरेख में नमाज हुई। इसके अलावा शाही मस्जिद, सिंग्नल वाली मस्जिद, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद जिन्नातों वाली, शाही जामा मस्जिद, मस्जिद गरीब नवाज, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद पक्का तालाब, मस्जिद पंजाबी कब्रिस्तान, मस्जिद मुहम्मदी तकिया आज़ाद गान, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद पचराहा, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद काली कबरें, मस्जिद सहित अनेक मस्जिदों में बकरीद की नमाज हुई। प्रशासन और पुलिस द्वारा नमाज को शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए।


ईदगाह में नमाज पढ़ते लोग। अमृत विचार

अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज नक़वी ने बताया कि शिया समाज की ईद उल अज़हा की नमाज चाणक्य होटल स्थित शिया ईदगाह में मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने अदा कराई और मुल्क में अमनचैन की दुआ की। नगर पालिका द्वारा मस्जिदों के आसपास साफ- सफाई की व्यवस्था की गई।

नमाज के उपरांत शहर में कुर्बानी का सिलसिला शुरु हुआ ।जो तीन दिन तक जारी रहेगा। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, राहत अकील, शावेज नक़वी, अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, हाजी अरशद मरगूब, तनवीर हसन, राहत रिजवी, मुशीर हैदर, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, खादिम अब्बास, इमरान अहमद, हाजी गुड्डू मंसूरी, हाजी फजल यूसुफ, डा. आशीष दीक्षित, हकत। गुफरान अहमद प्रधानाचार्य, हाफिज मोहम्मद अहमद, तसलीम मंसूरी एड., कामरान खान, तारिक शम्शी, मोनू बशीर, डॉ. अयाज अली, हनी वारसी, मुमताज चौधरी आदि ने मुल्क में सुख शांति के लिए दुआ की।

# आपसी सौहार्द व भाईचारा भी दिखा

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** भरथना क्षेत्र में ईद उल अज़हा बकरीद का पर्व परम्परागत तरीके से आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाया गया। हजारों मुस्लिम बंधुओं ने ईदगाह सहित क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा कर एक दूसरे को गले मिलकर जहां बधाई दी, वहीं मुल्क में अमनचैन की दुआ की।

मौलाना फहीम रज़ा ने बताया सुन्नी समाज की ईदगाह में ईद उल अज़हा की नमाज दो शिफ्टों में अदा हुई। यहां पर हाफ़िज़ अज़ीम संभली ने नमाज अदा कराई। बकरीद की नमाज ईदगाह परिसर के अंदर हुई। ईदगाह में नमाज की व्यवस्था जामा मस्जिद के सदर एहसान अली वारसी, नायब सदर मोहम्मद इरफान चिश्ती, सदस्य मोहम्मद आबिद उर्फ राजू द्वारा की गई। पानी के सबील की व्यवस्था ऑल इंडिया उलमा व मशाईख बोर्ड यूनिट भरथना के अध्यक्ष बिलाल मुसानी द्वारा की गई। वहीं मस्जिद पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष अजय यादव गुल्लू ने सभी को बकरीद की बधाई देते हुए बच्चों को टॉफी बांटी। सभासद शिवराम यादव, कांग्रेसी नेता सुखराम सिंधी, वाहिद, हाजी हारून मुसानी, मो.हनीफ फारूखी,पूर्व सभासद निहालुद्दीन, गौस मोहम्मद सुक्खी, मो.वकील उर्फ लारा,रशीद खान विक्की,रशीद अल्वी, अशफाक सिद्दीकी,पप्पू अब्बासी, मुजीब सिद्दीकी, असलम मुसानी,कुर्बान अल्वी, नफ़ीज़ शाहिद ख़ां, आदि ने मुल्क में सुख शांति के लिए दुआ मांगी। ईदगाह और सभी मस्जिदों पर एसडीएम सुशांत श्रीवास्तव व पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान, तहसीलदार राजकुमार सिंह, कोतवाल देवेन्द्र सिंह,कस्बा इंचार्ज समसुल हसन सहित बड़ी संख्या में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।


बच्चों को चॉकलेट बांटते चेयरमैन अजय यादव। अमृत विचार

- **दो शिफ्टों में अदा कराई गई बकरीद की नमाज**

# दबंगों से परेशान युवक 'वीरू' बना, मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता इटावा

- **टॉवर पर चढ़कर दी आत्मदाह की धमकी, पुलिस ने उतारा**

**अमृत विचार।** शहर के शास्त्री चौराहा में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक सीसीटीवी कैमरे के टॉवर पर डीजल की बोतल लेकर चढ़ गया और आत्मदाह की धमकी देने लगा। युवक की इस हरकत से हड़कंप मच गया।

चौबिया थाना क्षेत्र के गांव निवासी प्रशांत राजपूत 26 वर्ष शास्त्री चौराहा स्थित टॉवर पर चढ़ गया। युवक ने अपने ऊपर डीजल डालकर माचिस जलाने की कोशिश करते हुए नीचे खड़े लोगों को चौंका दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एसपी सिटी, सीओ सिटी, एसडीएम, तहसीलदार समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। करीब आधे घंटे की मशक्कत और बातचीत के बाद युवक को टॉवर से सुरक्षित नीचे उतारा गया। प्रशासन ने युवक की पूरी बात सुनी और निष्पक्ष जांच व कार्रवाई का भरोसा दिया। युवक को थाने की टीम के साथ घर वापस भेज दिया गया। युवक प्रशांत राजपूत ने बताया कि उसके खेत पर दबंगों ने जबरन मेड़ डाल दी है। थाने में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। युवक ने चौबिया थाना के दरोगा सिपाही लाल और दबंगों की मिलीभगत का आरोप भी लगाया। थककर युवक ने यह कदम उठाया।

# छात्राओं को मिले आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण की समीक्षा बैठक हुई ।

जिलाधिकारी ने कहा प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक विद्यालयों में मास्टर ट्रेनर रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की अवधि 40 मिनट होगी यथासंभव महिला प्रशिक्षण ही रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालयों में 3 महीने के लिए 1 प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5 हजार रुपये प्रति माह मानदेय दिया जाएगा। उन्होंने बताया आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु महिला व्यायाम शिक्षक के कार्यरत न होने की दशा में ही खेल में अभिरुचि रखने वाली अन्य महिला शिक्षिका को नोडल नामित किया जाए। नोडल शिक्षिका के अवकाश पर रहने की दशा में प्रधानाचार्य द्वारा किसी अन्य महिला शिक्षिका की उपस्थिति में प्रशिक्षण कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य द्वारा रजिस्टर में प्रशिक्षक का नाम, पता प्रशिक्षक द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का विवरण एवं प्रशिक्षण दिवस की उपस्थिति अंकित करते हुए प्रतिदिन अवलोकित किया जाए। उन्होंने कहा कि महिला ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षणों की आवश्यकता है, ज्यादा से ज्यादा बालिकाएं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में संपर्क कर योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय में 100 से अधिक बालिकाओं की संख्या है उसी विद्यालय की छात्राओं को ट्रेनिंग दी जाए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, एसडीएम देवेंद्र कुमार पाण्डेय व अन्य तमाम अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में मातहतों को निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ।

# तीन किशोरियों का बनाया वीडियो विरोध करने पर पीटा

**भरथना।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोढी निवासी तीन सगी बहनों का शनिवार की सुबह गांव के ही दबंगों ने मोबाइल फोन से वीडियो बना लिया। किशोरियों ने जब विरोध किया तो दबंगों ने तीनों बहनों से अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी।

घटना से दुखी तीनों बहनों ने अपनी माताओं के साथ कोतवाली पहुंचकर दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने पीड़ितों से प्रार्थना पत्र लेकर रख लिया। पीड़िता किशोरी ने बताया कि वे तीनों बहनें अपने घूरे के ढेर से घूरा भरकर उठा रहीं थीं इसी बीच गांव के तीन दबंग युवक उनका वीडियो बनाने लगे,जिसका विरोध किया तो दबंगों ने उनसे गाली गलौज करते हुए उन्हें बुरी तरह से मारापीटा।

## सार-संक्षेप


डीबीए अध्यक्ष को ज्ञापन देते युवा अधिवक्ता। अमृत विचार

### युवा अधिवक्ताओं ने डीबीए अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**इटावा ।** युवा अधिवक्ताओं ने विभिन्न समस्याओं की मांग को लेकर डीबीए अध्यक्ष व महामंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कचहरी परिसर में देर रात तक अवांछित तत्वों की उपस्थिति व उनक कुकृत्य को रोके जाने, अधिवक्ताओं को चैंबर आवंटित करने, न्यायालयों में न्यायिक प्रक्रिया व प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध कार्य के किए जाने के संबंध में व उन अधिवक्ताओं की भी शिकायत की जो देर रात तक सार्वजनिक स्थलों पर अधिवक्ता पोशाक में घूमते मिलते हैं और अधिवक्ताओं की गरिमा के प्रतिकूल आचरण करते है । इस पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा की आपात बैठक हुई जिसमें ये निर्णय लिया गया कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा 200 अधिवक्ताओं के लिए चेंबर उपलब्ध कराएगी, इच्छुक अधिवक्ता चैंबर हेतु अपना पंजीयन डीबीए कार्यालय में कराएं, वरीयता के आधार पर चैंबर आवंटित किए जाएंगे तथा जनपद न्यायधीश को 9 जून को ज्ञापन देकर अधिवक्ताओं की समस्या को रखेगी तथा कचहरी परिसर में रात में अवांछित तत्वों के अवांछित कार्यों में लिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही कराने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को डीबीए ज्ञापन देगी। तथा ऐसे अधिवक्ताओं के विरुद्ध जो कि अधिवक्ता पोशाक में देर रात तक सार्वजनिक स्थलों पर अधिवक्ता समुदाय की गरिमा के प्रतिकूल आचरण करते पाए जाएंगे, उनकी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी ।

### परशुराम सेवा समिति की बैठक आज

**इकदिल।** परशुराम सेवा समिति की बैठक आज 8 जून दिन रविवार को प्रात : 9 बजे से प्रदेश सचिव मुकेश दीक्षित के आवास सिविल लाइन इटावा में होगी। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति उ.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट, प्रदेश महामंत्री जयशिव मिश्रा व विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि बैठक में मेधावी सम्मान समारोह व वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किये जाने की रूपरेखा तय की जायेगी। उन्होंने पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित पर उपस्थित होने की अपील की है।

### लायन्स क्लब भरथना के तत्वावधान में लगा शिविर

**भरथना ।** भरथना नगर की शिक्षण संस्था में लायन्स क्लब भरथना व रिजेंसी हॉस्पीटल कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में नि :शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैंसर,छाती व श्वांस रोग से सम्बन्धित रोगियों को निशुल्क परामर्श व प्रारम्भिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शनिवार को आयोजित उक्त शिविर में रिजेंसी हॉस्पीटल कानपुर के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ.अपूर्व कृष्णा व डॉ. अभिषेक तिवारी ने रोगियों की जाँच की तथा आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया। शिविर में करीब एक सैकड़ा से अधिक रोगियों ने अपना पंजीकरण करवाकर अपने रोगों से सम्बन्धित परामर्श ली तथा रोगों के लक्षण, उपचार व बचाव की जानकारी ली एवं नि :शुल्क जांचों का लाभ उठाया। शिविर का शुभारम्भ चिकित्सक द्वय ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके किया। तदुपरान्त क्लब के पदाधिकारियों ने उनका पट्टिका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। शिविर के दौरान क्लब अध्यक्ष नितिन पोरवाल, नवम विश्नोई, रहीस वारिसी, राममनोहर पोरवाल, सुधा पाण्डेय, अखिलेश पोरवाल, सचिन कौशल, डा. समीर पाण्डेय, अनुराग पोरवाल,आशीष चौधरी सोनी, श्रीभगवान कौशल, अभिनव दीक्षित, अरविन्द चौरसिया, गुरलदास नंदवानी आदि रहे।

### राज्यमंत्री कुलदीप शर्मा का हुआ स्वागत

**महेवा।** स्थानीय कस्बा महेवा में लखनऊ से इटावा जाते समय राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कुलदीप शर्मा का भाजपाइयों ने स्वागत किया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्री शर्मा का महेवा में आईटी सेल के मण्डल संयोजक अवनीन्द्र कुमार दुबे के प्रतिष्ठान पर स्वागत किया। उन्होंने श्री दुबे के परिवार का हालचाल लिया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष उदय कुशवाहा सहित तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे।

# शहद के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**जसवंतनगर।** रामलीला रोड स्थित कंजड़ कॉलोनी में शहद के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि वह झगड़े में तब्दील हो गया। इस झगड़े में दो महिलाएं घायल हो गईं,दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गुलेल से कंकड़-कंचों से हमला करने के आरोप लगाए हैं।

पीड़िता सपना देवी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका पति प्रमोद शहद लेकर आया था, और उसका आपसी बंटवारा चल रहा था। इसी दौरान अजय, गौतम, सीटू और गटुआ ने शहद फैलाने का आरोप लगाकर मारपीट शुरू कर दी। झगड़े के दौरान लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों और गुलेल में कंकड़-कंचे रखकर हमला किया गया। इस हमले में सपना देवी, सीमा और प्रमोद कुमार घायल हो गए। सपना देवी का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म का आरोपी सहित तीन गिरफ्तार


मुठभेड़ में घायल आरोपी को लेकर जाता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना बढ़पुरा पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी को मुठभेड़ में एवं दो अन्य समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत निवासी वादिनी द्वारा थाना बढ़पुरा पर सूचना दी गयी कि उसकी पुत्री के साथ नामजद व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म किया गया एवं उसके दो साथियों द्वारा उसका सहयोग किया गया। पुलिस टीमों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये कुल तीन आरोपियों विपिन , अंशुल व रोहित को गिरफ्तार कर पूछताछ में घटना मे अवैध तमंचा के प्रयोग की बात संज्ञान में आयी जिसपर आरोपी विपिन को घटना स्थल पर ले जाया गया जहां उसके द्वारा भागने का प्रयास करते हुये पेड़ के नीचे छिपा रखे तमंचा को निकालकर पुलिस टीम पर फायर किया गया जिस पर पुलिस टीमने जवाबी फायरिंग की तो एक गोली आरोपी बिपिन के दाहिने पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया।

# जीआरपी ने तीन शातिर चोर पकड़े

**इटावा।** चोरी की योजना बना रहे तीन शातिर चोरों को इटावा जंक्शन पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया । उनके कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल बरामद किये।

ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर आपराधिक घटनाओं की रोकथाम, वांछित, वारंटी,इनामियां अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष जीआरपी इटावा शैलेश निगम ने पुलिस बल के साथ तीन शातिर चोर संजू उर्फ संजय पुत्र श्रीकिशन उर्फ श्रीकृष्ण निवासी अशोक का किराये का मकान ईशुदयाल के गढढे के पास ककरऊ कोठी नई आबादी आनन्द नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद, सतीश उर्फ मामा पुत्र भजनलाल निवासी खलरा थाना अछल्दा औरैया, देवेन्द्र उर्फ खलीफा पुत्र रामसेवक निवासी कस्बा व थाना नारखी जिला फिरोजाबाद को चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी अभ्यस्त अपराधी हैं जिनके विरुद्ध विभिन्न थानों में तमाम मुकदमे पंजीकृत हैं।

# एक दर्जन लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन


सम्मेलन में उपस्थित कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता । अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** कांग्रेस की संविधान बचाओ संगोष्ठी का आयोजन ग्राम खुड़ीसर में किया गया गोष्ठी की अध्यक्षता भंते कौशल बौद्ध ने व संचालन सतीश शाक्य ने किया।

संगोष्ठी में जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि गांव में विकास का कार्य केवल कांग्रेस पार्टी ने किया। शहर अध्यक्ष मो. राशिद ने कहा कि आज देश कायर कमजोर हाथों में है पाकिस्तान को परास्त किया जा सकता है। लेकिन ट्रंप के कहने पर सरकार ने सरेंडर कर दिया। संगठन श्रजन कार्यक्रम के अंतर्गत संविधान बचाओ सम्मेलन में ग्राम पंचायत खुड़ीसर में जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के समक्ष एक दर्जन ग्रामीण कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए, जिसमे दिलीप कुमार शाक्य, रणवीर सिंह, सुशील शाक्य, राम पाल प्रजापति, सर्वेश शाक्य, रमेश शाक्य, धीरज शाक्य, आशीष दिवाकर, चरण सिंह शाक्य, जय किशन, प्रजापति प्रमुख हैं। मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, वाचस्पति द्विवेदी, सत्यप्रकाश राजपूत, प्रभुदयाल शाक्य, ब्लॉक अध्यक्ष मेहरबान सिंह यादव, मोहन लाल प्रजापति, प्रदीप कुमार द्विवेदी, धर्मेंद्र कुमार पूनिया, रामेश्वर दयाल, महेंद्र प्रताप सिंह, दलवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

आयोजन | आठ दिवसीय जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर का हुआ प्रारंभ

# नौनिहालों ने निकाली संस्कार प्रभात फेरी

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आठ दिवसीय जैन संस्कार शिक्षण शिविर का हर्षोल्लास एवं धूमधाम से शुभारंभ हुआ जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से आए अनेकों विद्वान आठ दिन तक जैन संस्कार का शिक्षण पाठ कराएंगे।

प्रथम दिन संस्कार प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जो जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लुधपुरा जैन मंदिर पहुंची। प्रभात फेरी में छोटे-छोटे बच्चे जैन संस्कार, प्रेरणादायक तख्तियां लेकर व जैन धर्म का ध्वज फहराते हुए चल रहे थे। भगवान के जय घोष व संस्कार शिविर आयोजन का उत्साह छोटे-छोटे नौनिहालों के चेहरे पर साफ झलक रहा था। चिलचिलाती धूप में भी बच्चे जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पहली बार शिविर में ध्वजारोहण किया गया जिसका सौभाग्य लाली जैन आयुष जैन परिवार को मिला। मंच का उद्घाटन नीरा जैन, अनुपम जैन परिवार ने फीता काटकर व शिविर का उद्घाटन साधना जैन, धनेश जैन परिवार ने स्वस्तिक बनाकर किया। साथ ही शिविर की किट विमोचन करने का सौभाग्य ज्योति जैन, अमित गोल्डन जैन परिवार को मिला। जिनवाणी विराजमान करने का सौभाग्य महिला मुमुक्षु मंडल को मिला। छोटे बच्चों द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुतियां भी दी गई इसके उपरांत देश के विभिन्न कोनों से पधारे विद्वान बाल ब्रह्मचारी राहुल जैन मऊरानीपुर, विदुषी प्रज्ञा जैन, समृद्धि जैन व छवि जैन का भी तिलक वंदन से स्वागत किया। शिविर प्रभारी निकेतन जैन ने बताया इस बार शिविर में अनेकों विशेष आयोजन किए जा रहे हैं जिनमें विभिन्न कक्षाएं, प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, ज्ञान एवं कौशल वर्धक प्रतियोगिताओं के अलावा प्रतिदिन स्मार्ट क्लासेस का भी आयोजन शिविर के दौरान किया जाएगा। अबकी बार बाहर से भी बच्चे शिविर में पढ़ने आए हैं।



प्रभात फेरी निकालते नौनिहाल। अमृत विचार

# एकादशी पर हुआ भंडारे का आयोजन

**इकदिल।** एकादशी के उपलक्ष्य में खाटू श्यामजी मंदिर इकदिल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारम्भ ज्योतिषाचार्य पूर्व शिक्षक कमलेश पाण्डेय ने बाबा खाटू श्यामजी की आरती पूजन से किया ।

सेवाश्रम प्रमुख चौधरी अमित त्रिपाठी और खाटू श्यामजी मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष डी के दुबे ने मुख्य अतिथि को खाटू श्यामजी का प्रतीक चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने किया। रामदास बाथम, शिवशंकर शाक्य, अखिलेश तिवारी, राजनरायन दुबे, दिनेश अग्निहोत्री, उमेश चंद्र त्रिपाठी, रामू दुबे, संत शरण दुबे,सजीव दुबे निर्भय सिंह निषाद, आलोक तिवारी, बीटू यादव, विकास दुबे, दीपक त्रिपाठी मुकेश तिवारी शशि त्रिपाठी, शशिबाला चतुर्वेदी आदि मौजूद रहीं।

# हर वर्ग की खुशहाली के लिये काम कर रही एसएसपी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** सर्वजन सुखाय पार्टी के मुखिया और पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव ने कहा कि वे प्रखर राष्ट्रवादी और सनातनी हैं लेकिन दूसरों की तरह हम इसका दिखावा नहीं करते ।


शिवप्रसाद यादव।

ज्ञानस्थली आवासीय करवाखेड़ा में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान श्री यादव ने कहा कि सबके लिये शिक्षा की सुलभता सुनिश्चित की जानी चाहिये। वे अपनी पार्टी के झांसी, कानपुर, आगरा और अलीगढ़ मंडलों में चल रहे विस्तारित अभियान के बारे में पूछे जाने पर श्री यादव ने कहा कि इन मंडलों के हर ब्लाक में पार्टी की संगठनात्मक बैठकों का दौर जारी है और इसमें होने वाली जन सहभागिता काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि अभी सर्वजन सुखाय पार्टी के गठन को सिर्फ दो साल ही हुये हैं और इसका जनाधार अभी से दिखने लगा है। आने वाले समय में हमारी पार्टी भी प्रदेश में सभी वर्गों के साथ मिलकर सरकार भी बनायेगी।

पूर्व विधायक ने कहा कि हमारी पार्टी का इरादा देश के किसी भी नागरिक चाहे वह किसी भी जाति संप्रदाय धर्म का क्यों न हो हम उसकी खुशहाली के लिये काम करेंगे। साथ ही देश में रहने वाले अल्पसंख्यक समाज के लोगों के साथ समानता सामाजिक भाई चारा कायम रखना है। श्री यादव ने कहा कि सेंट्रल यूपी के इन चार मंडलों में सर्वजन सुखाय पार्टी सपाइयों के ताबूत में कील ठोंकने का काम करेगी।

# मंगल मिलन समारोह आज मानिकपुर में

**इटावा।** अखिल भारतीय चौधरी ब्राह्मण सभा का मंगल मिलन समारोह आज 8 जून को शाम 4 बजे से पीएनसी मैरिज गार्डन मानिकपुर विशू में आयोजित होगा। आयोजकों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

यह जानकारी देते हुए संगठन प्रमुख अरविंद चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य अपने समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ाना, जरूरत पड़ने पर एक दूसरे का पूरा सहयोग करना, आपसी विश्व-बन्धुत्व परस्पर भाई चारे की भावना को मजबूती से विकसित कर एक सभ्य समाज को स्थापित करना है ताकि, हम अपने गौरवशाली समाज की ऐतिहासिक परंपराओं और खानदानी संस्कृति को पुनः जागृत कर सकें। इसलिये अधिक से अधिक लोग सहारोह में आयें।

# आज औरैया आएंगे मुख्यमंत्री, अजीतमल में सभा

कार्यालय संवाददाता, औरैया/अजीतमल

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को औरैया का दौरा करेंगे। यह दौरा विकसित कृषि अभियान 2025 के अंतर्गत आयोजित किया गया है। इसके अलावा अजीतमल कस्बा के जनता महाविद्यालय में जनसभा आयोजित होगी। मुख्यमंत्री के आगमन की कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जानकारी दी। मुख्यमंत्री मक्का उत्पादक खेतों का निरीक्षण करेंगे। वे किसानों से सीधा संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आने की तैयारी को लेकर शनिवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा राज्यमंत्री कृषि शिक्षा एवं अुसंधान बल्देव सिंह औलख व राज्यमंत्री बृजेश शुक्ला भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। बताया कि रविवार को सुबह 11.20 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैलीकाप्टर से अजीतमल में बने हैलीपैड पर उतरेंगे। 11:25 पर हैलीपैड से कार द्वारा जनता इंटर कॉलेज पहुंचेंगे। इसके बाद 11:30 पर कार्यक्रम स्थल जनता महाविद्यालय ग्राउंड पहुंचकर प्रगतिशील किसानों का सम्मान, मिनी किट बीज वितरण, अन्य लाभार्थियों को वितरण एवं किसान सम्मेलन में मौजूद रहेंगे। 12:30 बजे कार्यक्रम स्थल से कार द्वारा हैलीपेड व 12:40 बजे हैलीपैड से लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

● **सभा स्थल का कृषि मंत्री ने किया मुआयना, मक्का के खेतों का करेंगे निरीक्षण**



मुख्यमंत्री की सभा के लिए बनता पंडाल। अमृत विचार



अधिकारियों के साथ व्यवस्थाएं परखते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

### किसानों को देंगे आय बढ़ाने का मंत्र

मुख्यमंत्री अजीतमल महाविद्यालय मैदान में किसान सभा को संबोधित करेंगे। वे प्रदेश में चल रही कृषि योजनाओं की जानकारी देंगे। किसानों को आय बढ़ाने के उपाय भी बताएंगे। कृषि मंत्री शाही ने औरैया पहुंचकर मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का निरीक्षण किया। बेला-कन्नौज बॉर्डर पर पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत और भाजपा नेताओं ने कृषि मंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया। यह दौरा किसानों की आय दोगुनी करने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर तैयारियों चल रहीं हैं।

# झोपड़ी में आग लगने से रुपये समेत घरेलू सामान जल गया

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** बेला थाना क्षेत्र के गैली में संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर बिग्रेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गांव गैली में शनिवार सुबह एक झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी अशोक कुमार की थी, जिसमें उनकी पत्नी कल्पना दो बेटियों काजल (सपना) और कामिनी के साथ रहती हैं। घटना के समय पूरा परिवार गांव में एक शादी समारोह में गया था। गांव से गुजर रहे तिरकों निवासी कुलदीप ने आग की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग में परिवार का गेहूं, भूसा, राशन और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। साथ ही 4 हजार रुपये नकद भी जल गए। पीड़ित की बेटी काजल ने बताया कि झोपड़ी के पास वैल्डिंग का काम चल रहा था। उसकी चिंगारी या किसी के बीड़ी फेंकने से आग लगने की आशंका है। उन्होंने यह भी बताया कि पड़ोसी से पहले भी दो-तीन बार विवाद हो चुका है।

पड़ोसी ने उन्हें धमकी भी दी थी। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार



फफूंद में मुस्लिम समुदाय के लोगों को बधाई देते दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव।



औरैया की जमालशाह ईदगाह के बाहर बधाई देते नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता।



सुरक्षा व्यवस्था को परखते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व एसपी अभिजीत आर शंकर।

# आपसी सौहार्द से मनाया गया ईद-उल-अजहा

## मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह में अदा की नमाज, बाद में चला कुर्बानी का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जमाल शाह स्थित ईदगाह में शनिवार सुबह 6.30 बजे ईद-उल-अजहा के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित हुए। उन्होंने अल्लाह की इबादत करते हुए नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से मिलकर त्योहार की मुबारकबाद दी।

सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए ईदगाह परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। कई समाज सेवी संगठनों ने भी अपने कैंप लगाकर लोगों को ईद की बधाई दी। मुस्लिम समुदाय ने इस अवसर पर देश में अमन और शांति बनाए रखने की दुआ मांगी। डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, एसपी अभिजीत आर शंकर, एएसपी आलोक मिश्रा आदि सभी अधिकारियों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर बधाई दी। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता, समाजसेवी लालजी शुक्ला के अलावा जन प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे के गले मिलकर बधाई दी। इसके अलावा जिले के सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई।

● **नमाज के दौरान कुर्बानी को लेकर दिया गया खास पैगाम**



फफूंद में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

## एक-दूसरे को गले लगाकर दी मुबारकबाद

**फफूंद।** शनिवार को नगर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व बड़े ही हर्ष व अमन के साथ मनाया गया। नगर व ग्रामीण इलाकों के हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नगर की प्रमुख ईदगाह सहित तीन मस्जिदों में ईद-उल अजहा की नमाज अदा की। नमाज के बाद ईदगाहों में उपस्थित लोगों ने रब के सामने अपने हाथों को उठाकर मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली की दुआएं मांगीं। नमाज के बाद ईदगाह से वापस आकर मुस्लिम समाज के लोगों ने कुर्बानी दी। नगर के बाईपास स्थित मुख्य ईदगाह में सुबह साढ़े सात बजे आस्ताना आलिया समदिया के सज्जादानशीन सैय्यद अख्तर मियां चिश्ती की सरपरस्ती में ईदगाह के पेश इमाम सैयद नवाज अख्तर उर्फ चिश्ती मियां ने मुस्लिम समाज के लोगों की नमाज अदा करायी। नमाज से पहले सज्जादा नशीन सैयद अख्तर मियां चिश्ती ने ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर तकरीर भी की। कहा कि कुर्बानी बंद जगह पर करें और उसके खून को नालियों में न बहाएं व कानून जिस जानवर की कुर्बानी की इजाजत देता है उसी जानवर की कुर्बानी करें। कस्बे के बाबा का पुरवा स्थित ईदगाह में सुबह सात बजे हाफिज अदील ने लोगों को बकरीद की नमाज अदा की। नगर की जामा मस्जिद आस्ताना आलिया समदिया में पेश इमाम कारी अय्यूब चिश्ती ने सैंकड़ों नमाजियों को नमाज अदा कराई। इस दौरान बड़ी ईदगाह व जामा मस्जिद आसताना आलिया पर सपा के क्षेत्रीय विधायक प्रदीप यादव ने अपने समर्थकों के साथ पहुंच कर लोगों को बकरीद की मुबारकबाद दी।

## सार-संक्षेप

### शिव पुराण की कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर

**अयाना, औरैया।** श्री शिव महापुराण की कथा के आठवें दिन में ग्राम अयाना में वर्णन करते हुए आचार्य सुशील कुमार शुक्ल (ददद्दा जी महाराज) ने बताया भगवान शिव परम दयालु हैं महाभारत में अर्जुन जब वनवास के लिए द्वैतवन गये थे तब व्यास जी ने जाकर समझाया कि दुखी होने से कोई लाभ नहीं तुम शंकर जी की आराधना करो कल्याण होगा। जिससे प्रसन्न होके शिवजी ने अर्जुन को पाशुपत अस्त्र दिया जिससे अर्जुन को महाभारत में विजय प्राप्त हुई और बताया कुछ स्वार्थी लोग कहते हैं कि पुराण मनुवादी है जबकि पुराणों में जितना समाजवाद उतना कोई समाजवादी नहीं हुआ अन्धी कोढ़िन चंडलिनी ने शिव जी के ऊपर कूड़ा समझकर बिल्व मंजरी फेंक दी तो उसे शिवलोक मिला कथा का वर्णन करते हुये शिवजी के पवित्र स्थलों का वर्णन सोमनाथ मल्लिकार्जुन और महाकाल ज्योतिर्लिंग का महत्व बताते हुए एक गोपी के बालक द्वारा खेल-खेल में फूल पत्र से शिव पूजा की तो प्रभु ने दर्शन देकर उसको कृतार्थ किया। कार्यक्रम की व्यवस्था सत्यनारायण दुबे ने अपने सभी कमेटी के पदाधिकारी सहित कार्यक्रम को सफल क्षेत्र में और नगर के सभी श्रद्धालु भक्तों ने भारी संख्या में बढ़कर कथा का लाभ प्राप्त किया कथा अभी 9 जून तक होगी। 10 जून को द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं सवालाख पार्थिव लिंगो का रुद्राअभिषेक एवं भव्य पूजन भक्तों द्वारा किया जाएगा।

### भरत मिलाप प्रसंग सुन श्रद्धालुओं की भर आईं आंखें

**अजीतमल।** तहसील क्षेत्र के रजपुरा गांव स्थित लोढी माता मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीराम कथा में आचार्य सिया किशोरी ने कथा में भरत मिलाप प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया, तो श्रद्धालुओं की आंखें भर आईं। बताया कि जब भगवान श्रीराम के बनवास जाने की खबर के बाद भरत, शत्रुघ्न के साथ, भाई राम को लेने चित्रकूट पहुंच गए। उनके साथ अयोध्या के राज परिवार के सदस्य, राजगुरु, मंत्री व माता सीता के पिता राजा जनक व मां सुनैना भी गईं थीं। चित्रकूट में उनका भरत से मिलन हुआ। भरत ने क्षमा मांगते हुए अयोध्या का राज सिंहासन उन्हें देने की बात कही, ताकि राम वापस लौट चलें। भरत की हट करने से गुरुजन भी निर्णय नहीं ले पा रहे थे। राम ने अयोध्या जाने को मना कर पिता के वचनों से बंधे होने की बात कहते हुए भरत को ढांढस दिया। उन्होंने बताया कि भरत मिलाप प्रसंग, आज के समय में हमें एकता के सूत्र में पिरोने के लिए मार्गदर्शक प्रसंग है। हमें भरत मिलाप से सीख लेकर आपसी वैमनस्यता को खत्म कर प्रेम से रहना चाहिए। इस दौरान परीक्षित देवेन्द्र सिंह गुर्जर व गुड्डी देवी सहित अवनीश, अमित, लव, ध्रुव सिंह, अनिल, श्यामजी, जितेन्द्र, कुशाल पाल सिंह, विहंगम सिंह, जयकरन सिंह आदि मौजूद रहे।



आचार्य सिया किशोरी।

# जलभराव की समस्या से जूझ रहे व्यापारी

संवाददाता अजीतमल

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के भीखेपुर बाजार में जलभराव की समस्या से व्यापारी परेशान हैं। जनप्रतिनिधियों से लेकर विभागीय अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर इससे निजात दिलाने की मांग पिछले कई महीनों से चल रही है।

भीखेपुर बाजार में सैकड़ों व्यापारी अपना व्यवसाय करते हैं। हाईवे किनारे जलनिकासी के लिए बनाई गई नालियां पूरी तरह से ध्वस्त हो पूर्ण रूप से बंद हो चुकी हैं। घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर भरा रहता है। व्यापारी कल्लू कुशवाह, अजब सिंह, समीर खान, सोनू, मोनू, अनुज तिवारी, लल्ले दुबे आदि ने बताया कि बरसात के अलावा भी सड़कों पर जलभराव की समस्या बनी रहती है। आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। व्यापार मंडल के अनुज पोरवाल ने बताया कि पिछले कई महीनों से समस्या के निस्तारण के लिए शिकायतें की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आने जाने वाले लोगों, ग्राहकों और व्यापारियों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है।



सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

## इंडियन बैंक के काउंसिल बने देयम मिश्रा

**महोबा।** लंबे समय से स्टेट बैंक को अपनी सेवाएं दे रहे शहर के एडवोकेट देयम मिश्रा को इंडियन बैंक प्रबंधन ने अपने बैंक का कांउसिल बनाया है। जिससे अब इंडियान बैंक का काम काज देयम मिश्रा देखेंगे। उनकी नियुक्ति से उनके साथी वकीलों में खासी खुशी है। वकीलों ने फोन कर इंडियन बैंक का काउंसिल बनने पर उन्हे बधाई दी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** विकास खंड के श्रीफूफा जी महाराज मंदिर भाईपुर परिसर में शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा की शनिवार को पोथी कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई।

वृंदावन धाम से आए अंतरराष्ट्रीय कथाकार आचार्य जगमोहन त्रिपाठी द्वारा विधि विधान से गणेश पूजन, कलश पूजन कराते हुए मंदिर परिसर से कलश यात्रा शुरू हुई ब्रह्मदेव मंदिर, हनुमान मंदिर, विन्ध्यवासिनी मंदिर, शनि मंदिर होकर प्राचीन शिव मंदिर मोर्चा रोड पहुंची। जहां पर महावीर सेवा जिलाध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह सेंगर, रंगलाल गुप्ता आदि ने तिलक बंधन कर स्वागत। आचार्य जग मोहन त्रिपाठी ने कहा कि सामाजिक व आर्थिक उन्नति के लिए सत्संग सब मार्ग जरूरी है। इस मौके पर परीक्षित राजेश्वरी देवी, रघुवीर राठौर, रमेश गुप्ता, ओम नारायण गुप्ता, प्रमोद सेंगर, हरभजन, अजय सिंह सेंगर, सुरेंद्र सिंह जादौन, धर्मजीत राठौर, बाबा हरिकांत द्विवेदी, टीटू सिंह, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह सेंगर, प्रेम शंकर दुबे आदि मौजूद रहे।






 विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत राजस्व गांवों में हुए कार्यक्रम

# वैज्ञानिकों ने किसानों की समस्याएं सुनकर किया समाधान

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** विकास खंड के राजस्व ग्राम भैसोल, रामपुर बैस, नौनीकपुर में कृषि विभाग के ओर से चलो किसान के खेत की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत किसान गोष्ठियों का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ आईसीएआर नई दिल्ली एवं आईआईपीआर कानपुर के वैज्ञानिकों ने गांव में जाकर सबसे पहले किसानों की समस्याएं सुनीं। उस समस्या का वहीं पर समाधान किया। ग्राम पंचायत भैसोल में आए तकनीकी सहायक अनिल कुमार सिंह ने किसानों का आवाहन किया कि विभाग द्वारा दिए जा रहे अनुदान का लाभ उठाएं एवं फार्मर रजिस्ट्री, फैमली आईडी के बारे में जानकारी दी। उसके लाभों की जानकारी दी, साथ ही साथ मृदा परीक्षण, उर्वरक प्रबंधन आदि के बारे में जानकारी दी। चौपाल में आए सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा ने किसानों को सोलर पंप लगवाने की जानकारी दी। बताया कि सोलर पंप लगवाने में सरकार 50:का अनुदान दे रही है, जिसका आप सभी लोग लाभ उठाएं। किसानों को भूमि शोधन, बीज शोधन एवं कीट रोग प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। आईआईपीआर कानपुर से आए रिसर्च वैज्ञानिक डा. आदर्श कुमार ने किसानों को दलहनी फसलों जैसे अरहर, मूंग एवं उर्द की खेती के बारे मे बहुत ही गहनता से जानकारी दी बताया कि दालों को खाने से हमारे शरीर में सभी प्रकार की प्रोटीनों की पूर्ति होती है, जिससे हमें किसी प्रकार की बीमारी से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। साथ में ही आए डा. पीके कटियार ने किसानों को बताया कि दलहनी फसलों में विशेष गुड़ डालने पर वह काम कर रहे हैं, जिससे दालों को खाने में शरीर में रोगों एवम बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ेगी।


इस मौके पर भैंसोल के प्रधान प्रतिनिधि अमित कुमार गौतम, कोटा डीलर सरोज देवी, साधन सहकारी समित के सचिव निगम चंद, साधन सहकारी समिति भैंसोल के सचिव सुगम चंद्र, ब्रजेश कुमार, राकेश आदि मौजूद रहे।



गोष्ठी के दौरान जानकारी देते कृषि अधिकारी। अमृत विचार

# पाकीजगी के साथ अदा की ईद-उल-अजहा की नमाज

## ईदगाह सहित मस्जिदों में नमाज अदा कर मांगी मुल्क में अमन चैन की दुआ, मस्जिदों के बाहर तैनात रहे पुलिस कर्मी



ईदगाह में दुआ मांगते नमाजी। अमृत विचार



एक-दूसरे से गले मिलते बच्चे। अमृत विचार



ईदगाह में व्यवस्थाएं परखने पहुंचीं डीएम गजल भारद्वाज, एसपी व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में ईद-उल-अजहा का त्योहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने नये-नये कपडे. पहनकर ईदगाह के अलावा विभिन्न मस्जिदों में जाकर पाकीजगी के साथ बकरीद की नमाज अदा की। नमाज के बाद आपसी भाईचारा और मुल्क की तरक्की व अमन चैन के लिये दुआएं मांगी। एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारक बाद दी। ईदुल-अजहा की नमाज के दौरान सभी मस्जिदों में पुलिस फोर्स तैनात रहा।

शहर की शाही मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 7.15 बजे हाफिज हनीफ साहब ने पढ़ाई। 7.30 बजे ईदगाह में काजी ए शहर सैयद आफाक हुसैन ने 7.45 बजे ही मकनियापुरा की जमा मस्जिद में हाफिज आबिद साहब ने, 7.30 बजे शहर की जामा मस्जिद में हाफिज अब्दुल खालिक एवं सुबह 8 बजे नूरानी मस्जिद में कारी सलीम व चौसियापुरा की मस्जिद में कारी मुईन के अलावा शहर के मुहल्ला भटीपुरा, समदनगर सहित विभिन्न मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज निर्धारित समय के मुताबिक अदा की गई। नमाज के बाद सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी।

शहर के ईदगाह में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, सीओ सदर और उपजिलाधिकारी सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारियों ने ईदगाह पहुंचकर धर्म गुरुओं से बातचीत की। इसके बाद शहर काजी सहित तमाम लोगों से गले मिलकर ईदुल अजहा की मुबारकबाद दी। वहीं अधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ शहर की शाही मस्जिद, नूरानी मस्जिद, जामा मस्जिद सहित विभिन्न मस्जिदों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उधर पनवाड़ी कस्बे में ईदुल अजहा की नमाज पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच शान्तिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई।

### नमाज के बाद कुर्बानी का चला सिलसिला

■ ईदुल अजहा की नमाज के बाद लोगों ने अपने अपने घरों व अन्य स्थानों में कुर्बानियां कराई। नमाज के बाद से कुर्बानी का शुरू हुआ सिलसिला शाम तक चलता रहा। हाफिज मौलानाओं आलिम कारी ने दुआ पढ़कर कुर्बानी कराई। कुर्बानी के बाद लोगों ने एक दूसरे के घरों में कुर्बानी का गोस्त बांटा। कुर्बानी के गोस्त के वितरण के दौरान यह विशेष ख्याल रखा गया कि इसे गरीबों को ही दिया जाये।

### उत्साह के साथ मनाया ईदुल अजहा का त्योहार

जैतपुर। बकरीद के मौके पर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में खासी चहल पहल दिखाई दी। सुबह से ही बच्चे नए नए कपड़े पहन कर मस्जिदों की ओर चल दिए। बकरीद को लेकर पुलिस मुस्तैदी से ड्यूटी करती दिखाई दी। मस्जिदों के आस पास नमाज से पहले ही पुलिस फोर्स तैनात हो गई। सुबह हाफिज जब्बार ने 7 .30 बजे कचेरनपुरा की मस्जिद में, ईदगाह में हाफिज नाजिम रजा ने 8 बजे नमाज अदा कराई। इसके बाद कुर्बानी दी गई।

# नालियां जाम होने से घरों में घुसेगा बारिश का पानी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● मोहल्लेवासियों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर सफाई की मांग की

**अमृत विचार।** नगर पालिका की उदासीनता के चलते शहर के मोहल्ला भटीपुरा इंटरलॉकिंग सड़क के दोनों तरफ निर्मित नालिया गंदगी जल भराव से सराबोर है। नियमित मांग के बावजूद नालिया वहां साफ नहीं की जाती है। इससे नाराज मुहल्लेवासियों ने डीएम से नालियों की साफ सफाई कराने की मांग की है।

डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बरसात अनकरीब है, नालियां कीचड़ पटी पड़ी है। जिससे जल निकासी की समस्या बनी हुई है। बरसात को देखते हुए जल्द से जल्द नालियों की सफाई कराए जाने की मांग की है। जिससे बारिश से पहले जल निकासी की समस्या का निराकरण हो सके।

भटीपुरा निवासी इंजीनियर मूलचंद्र प्रजापति ने डीएम गजल भरद्वाज को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि मोहल्ला भटीपुरा में बस्ती अंदर गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है। कूड़ा कचरा साफ नहीं होता नालिया गंदे पानी जल भराव से सराबोर है, जिससे संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया है। गंदगी के चलते लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कई बार नगर पालिका को लिखित शिकायत की गई लेकिन आज तक नालिया साफ नहीं हुई। बरसात के समय घरों में गंदा पानी प्रवेश कर जायगा। जिलाधिकारी सफाई व्यवस्था कराने की मांग की गई है।



गंदगी से पटी पड़ी नाली।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें



स्टेशन के सूखे पड़े नल। अमृत विचार

# एक पखवाड़े से अंधेरे में डूबा कुलपहाड़ का प्लेटफार्म -2

संवाददाता कुलपहाड़, महोबा

● आदर्श रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ में बिजली पानी का संकट

**अमृत विचार।** आदर्श रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ का प्लेटफार्म नंबर दो गंदगी से पटा पड़ा है दस दिन से इस प्लेटफार्म पर न पानी है न बिजली। हालात यह है कि आंधी आने या बारिश होने पर रेलवे स्टेशन की बत्ती गुल हो जाती है, जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है।

एक पखवाडे.पहले नगर में आई भीषण आंधी के 24 घंटे बाद नगर की बिजली आपूर्ति चालू हुई थी, लेकिन कुलपहाड़ रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर दो तब से अब तक अंधेरे में डूबा हुआ है। प्लेटफार्म नंबर दो पर बिजली न होने के कारण जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। कारण, बिना बिजली के वाटर पम्प काम नहीं कर रहा है। जिसके कारण नलों में पानी नहीं है। शौचालय सफाई के अभाव में सडांध मार रहे हैं। दिव्यांगों के लिए बने शौचालय में ताला लगा हुआ है। प्लेटफार्म पर हैंडपम्प लगा हुआ है लेकिन हैंडपंप का हैंडल गायब है जिससे हैंडपंप से भी पानी नहीं निकल रहा है।

गौरतलब है कि झांसी-दिल्ली की ओर जाने वाली सभी ट्रेनें प्लेटफार्म संख्या दो से रवाना होती हैं। इस प्लेटफार्म पर झांसी. बांदा शटल, खजुराहो.उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, चंबल एक्सप्रेस, प्रयागराज.झांसी पैसेंजर, बांदा. झांसी मेमो एवं बनारस.ग्वालियर बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव है। दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में यात्रिओं की जबरजस्त भीड होती है। दूसरी तरफ प्लेटफार्म रात में अंधेरे में डूबा रहता है। जिससे यात्रियों के लिए अंधेरे में घटना घटने का खतरा बना रहता है। प्लेटफार्म पर चारों तरफ कूडा.करकट व गंदगी फैली पडी है। जनरेटर भी खराब पडा हुआ है। स्टेशन मास्टर जेपी मीना का कहना है कि उन्होंने उच्चाधिकारियों को इस समस्या के बाबत कई बार अवगत कराया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। प्लेटफार्म नंबर दो 110 साल से भी पुराना प्लेटफार्म है। बरसात का समय है ऐसे में कीड़े-मकौड़े की भी संभावना होती है। रेलवे ने सभी स्टेशनों को एचटी लाइन से जोड़ दिया है। जिससे रेलवे स्टेशन पर अब 24 घंटे बिजली आपूर्ति होती है। एचटी लाईन पर लगातार बिजली की आपूर्ति होती है। नगर के लोगों ने प्लेटफार्म संख्या दो को भी एचटी लाईन से जोडने की मांग की है।

# ट्रैक्टर बैक करते समय पहिये के नीचे आई महिला, गई जान

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कोतवाली चरखारी के ग्राम रिवई में शुक्रवार की शाम को दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली को बैक करते समय महिला ट्रैक्टर ट्राली के पहिये के नीचे आ जाने से घायल हो गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी ले गए। सांस लेने में दिक्कत होने पर महिला को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

कोतवाली चरखारी रिवई गांव निवासी सुधा 55 पत्नी रामपाल दरवाजे पर बैठी थी। दरवाजे के पास परिजनों की ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी, कुछ देर बाद सुधा का भतीजा राज कुमार किसी काम के लिए ट्रैक्टर ट्राली बैक करने लगा, बैक करते समय दरवाजे पर बैठी सुधा पिछले पहिये की चपेट में आ गई और बुरी तरह घायल हो गई। महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और ट्रैक्टर को आगे कराकर महिला को निकाला।

पहिये की नीचे दब जाने से महिला के गंभीर चोटे आने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी ले जाया गया। लेकिन सांस में दिक्कत बढ़ने से परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। लेकिन महिला की रास्ते में मौत हो गई।

# राजकीय महाविद्यालय में इसी वर्ष से शुरू होंगे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● जैतपुर में तीन प्राध्यापकों की नियुक्ति, कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में मिलेगा प्रवेश

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश शासन ने विकासखंड जैतपुर में नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय के संचालन का रास्ता साफ कर दिया है। अब इसी सत्र से कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में प्रवेश होंगे। इससे जैतपुर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए उच्च शिक्षा अनुभाग पांच के आदेश के अनुसार तीन प्राध्यापकों की नियुक्ति भी कर दी गई है।



प्रभार ग्रहण करते प्रो . रामकृत कुमार और अरुण। अमृत विचार

विशेष सचिव उच्च शिक्षा निधि श्रीवास्तव ने पत्र जारी कर नवनिर्मित महाविद्यालय के संचालन के लिए वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक रामकृत कुमार अरुण सहित दो और प्राध्यापकों को कमान सौंपी है। झांसी चित्रकूट धाम मंडल के क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रो. सुशील बाबू के निर्देश पर प्रोफेसर रामकृत कुमार और अरुण ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

महाविद्यालय में बीए में हिंदी, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, शारीरिक शिक्षा एवं मनोविज्ञान बीएससी में गणित एवं बायो वर्ग तथा बीकॉम में इसी सत्र से प्रवेश होने के बाद अध्ययन का कार्य शुरू हो जाएगा। प्रो. रामकृत कुमार अरुण के राजकीय महाविद्यालय जैतपुर मे कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ प्रदीप कुमार डॉ. डीके खरे शैलेश तिवारी आदि ने खुशी जताई।

# 15 जून को होगा लोधी समाज का सम्मान समारोह

**महोबा।** शहर के कम्युनिटी गार्डन में 15 जून को लोधी समाज का विशाल सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोर शोर पर चल रही है।

लोधी क्षत्रिय एम्प्लाइज एसोसिएशन जनपद इकाई महोबा के अध्यक्ष मानिकचंद्र राजपूत ने बताया कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी लोधी समाज का प्रमुख संगठन समाज के हाई स्कूल, इंटर मीडिएट,नीट, नवोदय विद्यालय, अटल आवासीय, कस्तूरबा, सैनिक स्कूल आदि में मेरिट आधार पर चयनित मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। चयनित समाज के मेधावी प्रतिभाओं को भी सम्मानित करेगा। सम्मान समारोह में 15 जून को छतरपुर रोड स्थित कम्युनिटी गार्डन में आयोजित होगा। 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राएं अपना नाम मोबाइल से दर्ज करा सकते है।

# मोदी सरकार ने विदेशों में भारत की बनाई अलग पहचान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने जा रहे है। मोदी सरकार के गौरवशाली कार्य, देश में में उनकी उपलब्धि की चर्चा को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए नौ जून से 21 जून तक प्रदेश व्यापी अभियान प्रारंभ करने के लिए विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों के अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय में शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस मौके पर विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश ने जो विकास किया है, उसे हमेशा लोग याद करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशों में भारत की जो छवि बनाई है, वह किसी से छिपी नहीं है। आज भारत को विदेशों में भी सम्मान की नजर से देखा जाता है, यह मोदी जी की ही देन है। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने कहा कि भाजपा ने जो जितना विकास किया है इतना विकास पूर्व की सरकारों ने कभी नही किया। भाजपा सरकार में आम आदमी अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहा है। भाजपा ने हर क्षेत्र में काम किया है।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवदेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार मे हर तरफ शांति है। पूर्व की सरकारों मे उत्तर प्रदेश गुंडा राज के नाम से जाना जाता था, अब उत्तर प्रदेश में गुंडों का अता पता नहीं है। इस मौके पर हमीरपुर महोबा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, सत्येंद्र गुप्ता सहित तमाम वक्ताओं ने विचार व्याक्त किए।

# दबंगों ने घर में घुसकर अधिवक्ता को पीटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● बीच बचाव करने आई पत्नी से भी अभद्रता

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बेलाताल में एक मकान का विजिलेंस टीम द्वारा बिजली कनेक्शन काटे जाने पर गृहस्वामी ने एक अधिवक्ता पर आरोप लगाते हुए अधिवक्ता के घर में घुसकर उसकी लाठी डंडों पिटाई कर दी। शोर शराबा सुनकर पति को बचाने आई पत्नी के साथ अभद्रता कर दी।

थाना कुलपहाड़ क्षेत्र के ग्राम बेलाताल निवासी अधिवक्ता यूसुफ घर से कुलपहाड़ तहसील कोर्ट जाने के लिए निकले ही थे तभी मोहल्ले में विजिलेंस टीम बिजली कनेक्शन काट रही थी। मोहल्ले के युवक ने कनेक्शन कटने का दोष अधिवक्ता पर मढ़ते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। जब अधिवक्ता ने विरोध किया, तो युवक ने हमला कर दिया। जान बचाकर अधिवक्ता घर में घुस गए लेकिन दबंग और उसकी मां व अन्य परिजन लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और अधिवक्ता की मारपीट करने लगे।

शोर सुनकर अधिवक्ता की पत्नी बीच बचाव करने पहुंचीं तो दबंगों ने उनके साथ भी अभद्रता की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि दबगों ने एक तलाक के मुकदमे की पैरवी किए जाने को लेकर जान से मारने की धमकी दी थी। बताया कि अधिवक्ता एक तलाक के मुकदमे में मुस्कान नाम की महिला के पति की पैरवी कर रहे हैं। इसी रंजिश में यह हमला हुआ है। इस घटना के बाद अधिवक्ता संघ द्वारा थाना पहुंचकर तहरीर देते हुए दबंग परिवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

देखरेख | गर्मी से बचने के लिए हल्के कपड़े और अधिक पानी पीने की दी गई सलाह

# स्वास्थ्य शिविर में आंगनबाड़ी के 70 बच्चों की जांची सेहत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के ग्राम घंघौरा की आंगनबाड़ी प्रथम व द्वितीय केंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत की देखरेख में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी प्रथम व द्वितीय केंद्र में ए और बी स्वास्थ्य टीम ने 70 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया साथ ही गर्मी में पड़ने वाली तेज धूप से बचाव और अधिक पानी पीने की सलाह दी।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आरबीएसके की टीम ए ने आंगनबाड़ी प्रथम के 45 बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया, वहीं आरबीएसके की टीम बी ने आंगनबाड़ी द्वितीय के 25 बच्चों का परीक्षण करते हुए निशुल्क दवा वितरित की। शिविर की सूचना मिलते ही आंगनबाड़ी के बच्चे सुबह से ही केंद्रों पर पहुंच गए, जहां टीम के द्वारा एक एक बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर दौरान टीम लीडर डॉ. अमित गंगेले ने बच्चों को गर्मी के दिनों में धूप से बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को हल्के कपड़े पहनाएं, धूप के समय में बाहर जाने से बचें, छाया में रहें, पर्याप्त पानी पिलाएं।



बच्चों की सेहत जांचती टीम। अमृत विचार

सीएचसी अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत ने बताया कि गर्मी में होने वाले बदलावों से बच्चे जल्दी से तालमेल नहीं बैठा पाते। इसके अलावा, शारीरिक गतिविधि में शामिल होने पर उन्हें वयस्कों की तुलना में कम पसीना आता है और शरीर में ज़्यादा गर्मी पैदा होती है। बच्चे खेलते समय आराम करने और पर्याप्त तरल पदार्थ पीने के बारे में नहीं सोचते, जिससे वह बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। बताया कि गर्मी के मौसम में बच्चों को धूप से बचाने के लिए हल्के कपड़े पहनाएं, धूप के समय में बाहर नहीं जाने दें, छाया में रहें । इस मौके पर संगीता दीपा, हीरा देवी आदि लोग मौजूद रही।

# मिशन कंपाउंड में एक सप्ताह तक लटका रहा युवक का शव

संवाददाता कुलपहाड़, महोबा

● शव को पेड़ पर लटका देख चरवाहे के उड़े होश

● मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार।** मिशन स्कूल कंपाउंड के अंदर सुनसान इलाके में एक युवक का शव पेड़ पर लटका पाए जाने से सनसनी फैल गई। चरवाहे ने शव को लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतराकर उसकी शिनाख्त कराई, परिजनों ने कपड़ों से उसकी शिनाख्त सुरेंद्र यादव के रूप में की।

पुलिस ने पंचनामा भर कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के बेलाताल रोड पर मिशन कंपाउंड के बगल में सुरेन्द्र यादव 32 पुत्र लाल सिंह यादव निवास बनाकर रहता था। एक सप्ताह पूर्व उसकी पत्नी बच्चों को लेकर अपने मायके इंद्रहटा ग्राम चली गई थी। तभी से उसका पति भी गायब था। शनिवार के दिन पति सुरेन्द्र का शव मिशन स्कूल के कंपाउंड के अंदर सुनसान इलाके में कब्रिस्तान के पास एक पेड़ पर लटका पाया गया। मिशन में काम करने वाले एक चरवाहा जब चारा काटने के लिए गया, तो शव को देखकर उसके होश उड़ गए। उसने मिशन स्टाफ को सूचना दी।

जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक विकास तिवारी ने शव को नीचे उतराकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक अपने बीवी बच्चों के साथ निवास बनाकर अलग रहता था, और ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मृतक के एक पुत्र व दो पुत्री है, जो नाबालिग हैं।

शव काफी पुराना होने के कारण गलकर खराब हो चुका था, और बदबू आ रही थी। मृतक के कपड़ों से उसकी पहचान की गई। प्रभारी निरीक्षक आरएस वर्मा का कहना है कि शव काफी पुराना लग रहा है। जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट पता चल सकेगा।

# बैरीकेडिंग लगाई और अस्थायी बस स्टैंड समाप्त

## प्रशासन के निर्णय को लेकर लोगों में मिली जुली प्रतिक्रियाएं, सत्ता पक्ष के लोगों ने भी निर्णय को अदूरदर्शिता पूर्ण बताया

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रशासन ने आखिरकार ट्रैफिक चौराहे के पास स्थित बस अड्डे को बंद करा दिया। दलील यह दी गई कि शहर में जाम लगने की वजह से इसे बंद कराया गया है। लोगों का कहना है कि अब डग्गामार वाहनों और टेंपो-टैक्सी चालक लोगों का शोषण करेंगे और मनमाना किराया वसूलेंगे। इस निर्णय की मिली जुली प्रतिक्रियाएं आई हैं। विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने ही नहीं, सत्ता पक्ष के नेताओं ने भी इस निर्णय की आलोचना की है। उधर, अचानक यह व्यवस्था होने से बाहर से आने वाले यात्री भटकते और पूछते नजर आए।

लंबे समय से बेड़ी पुलिया के पास नवनिर्मित राजकीय बस स्टैंड से बसों के संचालन की बात कही जा रही थी। जिला प्रशासन द्वारा भी कई बैठकों में इस संबंध में निर्देशित किया गया। आखिरकार शुक्रवार शाम यहां पाइपों की बैरीकेडिंग कराकर इसे स्थायी रूप से बंद कर दिया गया। इसके साथ ही सूचना पट लगाया गया, जिसमें लिखा है, अस्थाई बस स्टैंड समाप्त यात्रीगण बेड़ी पुलिया स्थायी बस स्टैंड से संचालित बसों से यात्रा कर सकते हैं। उल्लंघन करने पर नियमानुसार जुर्माना/विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के मार्गदर्शन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू ने आज अस्थाई बस स्टैंड को बैरिकेडिंग करा कर बंद करा दिया।

उन्होंने कहा कि शहर में जाम को देखते हुए बेड़ी पुलिया पर नया बस स्टैंड बनाया गया था अब वहीं से सभी बसें संचालित होंगी। इस दौरान तहसीलदार कर्वी चंद्रकांत तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी, कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार मंगल यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे। हालांकि प्रशासन के इस निर्णय को लेकर लोगों में मिली जुली प्रतिक्रियाएं हैं। ज्यादातर लोगों का मानना है कि इस निर्णय से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सबसे ज्यादा परेशानी होगी और ये लोग डग्गामार वाहनों, टेंपो टैक्सी चालकों के शोषण और मनमानी के शिकार होंगे।



बैरीकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया बस स्टैंड। अमृत विचार


नवनिर्मित बस अड्डे में भी रहा सन्नाटा। अमृत विचार

### प्रशासन ने किया जनविरोधी काम


कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा कहते हैं कि शहर के बीचोंबीच संचालित बस स्टैंड को आमजनों के लिए बाधित कर दिया गया। प्रशासन ने पूरे अमले की ताकत इस जनविरोधी काम में ही लगा दी। उन्होंने कहा कि यह तुगलकी फरमान है। जिलाधिकारी को संवेदनशील होना चाहिए। ठीक है जहां बस स्टैंड है रहे पर अस्थाई ही सही इस बस स्टैंड को चालू रहने दीजिए। उन्होंने व्यंगात्मक भाषा में आरोप लगाया कि अलग-अलग स्थानों पर सीटी बजाकर अवैध वसूली भी जाम का कारण है साहब। अच्छा लगता अगर यह पुलिस और प्रशासन किसी जनहित के पुनीत कार्य पर लगता। सरकारी तालाब और कुंये खाली करा दीजिए, अनुसूचित जाति के लोगों के लिए पट्टा की गई जमीनों की नाप करा दीजिए, शो पीस सरकारी अस्पताल में सुविधाएं बढ़ा दीजिए।

### कांग्रेस इस निर्णय का करती है विरोध


कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल कहते हैं कि कर्वी बस अड्डा पूर्णतया बंद करने संबंधी प्रशासन का निर्णय बहुत ही गलत है। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करेगी। प्रशासन के इस निर्णय से नगर वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### अदूरदर्शिता पूर्ण है यह निर्णय


भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे इस निर्णय को पूरी तरह से गलत और अदूरदर्शितापूर्ण मानते हैं। वह साफ कहते हैं कि यह किसी से प्रेरित और किसी को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया लगता है और सरकार की छवि को खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इससे सबसे ज्यादा बाहर से आने वाले लोग प्रभावित होंगे और टेंपो टैक्सी चालकों के शोषण का शिकार होंगे। उन्होंने कहा कि उनको इसके पीछे की मानसिकता समझ नहीं आती और प्रशासन को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### जनता को दिक्कत हुई तो बहाल कराई जाएगी व्यवस्था


मानिकपुर के पूर्व विधायक भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रशासन और शासन कोई भी निर्णय जनता की सहूलियत के लिए लेता है। अगर इस बस स्टैंड को यहां से बंद किया गया है तो कुछ सोचकर ही किया गया होगा। ऐसे में पहले से कुछ कहना ठीक नहीं होगा। अगर प्रशासन के इस निर्णय से जनता को परेशानी होगी और हमारे सामने लोगों की शिकायतें आएंगी तो प्रशासन से बात की जाएगी और व्यवस्था को बहाल करा दिया जाएगा। कोई भी व्यवस्था स्थायी नहीं होती।

### लोगों को बहुत परेशानी होगी, निर्णय गलत


सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने भी इस निर्णय की आलोचना की। उन्होंने कहा कि धीरे धीरे व्यवस्था को लागू किया जाता तो ठीक रहता। यहां का बस स्टैंड भी चलता रहता और वहां का भी। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड यहां से शिफ्ट न किए जाने को लेकर उन्होंने पत्र भी अधिकारियों को लिखा था। इस निर्णय से लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी होगी।

### नगर पालिका को प्रश्रय दे रहा प्रशासन


पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता भैंरो प्रसाद मिश्र इस निर्णय से आक्रोशित नजर आए। उन्होंने कहा कि इस तरह से प्रशासन नगर पालिका को प्रश्रय देकर परोक्ष रूप से वसूली का अधिकार दे रहा है। सुनने में आ रहा है कि यहां पर कांप्लेक्स बनाया जाएगा। यह भी समझ में नहीं आता कि इतनी दूर से बैरीकेडिंग क्यों कराई गई। रोडवेज बसें यहां सवारियां उतारेंगी तो है ही तो क्या इससे जाम नहीं लगेगा। अगर प्रशासन की मंशा साफ है तो इस स्थान को खाली रखा जाए, जिससे इसका सदुपयोग हो सके। वैसे यह निर्णय मिलीभगत लग रहा है और सरकार की छवि खराब करने की कोशिश भी।

### पूरी तरह से बंद करने का निर्णय गलत


समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पुराने बस स्टैंड को पूरी तरह से बंद करने का निर्णय गलत है। इससे लोगों को असुविधा होगी। यह एक तरह से हिटलर शाही फरमान है। अब मुख्यालय के लोगों को बस पकड़ने के लिए शहर से तीन-चार किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी।

### सरकार जनहित के लिए काम कर रही


भाजपा के जिला महामंत्री आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि ज्ञात हुआ है कि अस्थायी बस स्टैंड का संचालन बंद कर दिया गया है। शासन ने जनधन खर्च करके सर्वसुविधा युक्त बस डिपो का निर्माण कर दिया है और उसका संचालन भी हो रहा है। सामान्य यात्रियों के लिए बसें बेडीपुलिया पर बने डिपो से मिलेंगी और बांदा प्रयागराज मार्ग पर संचालित होने वाली बसें पूर्ववत सवारियां उतार और चढ़ा सकेंगी। बसों का अस्थाई बस स्टैंड पर ठहराव रोका गया है। भाजपा की डबल इंजन सरकार जनहित और विकास दोनों पर काम कर रही है।

# एआरटीओ पर भ्रष्टाचार का आरोप, तबादला करें

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- सांसद ने परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर की तबादले की मांग

**अमृत विचार।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अब सपा सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल ने उनके खिलाफ केंद्रीय परिवहन मंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने एआरटीओ को कथित रूप से भ्रष्ट बताते हुए जिले से स्थानांतरित करने और जांच कराकर कठोर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

केंद्रीय परिवहन मंत्री को भेजे पत्र में सांसद ने बताया है कि संसदीय क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न शिकायतकर्ताओं ने बताया कि जिले में कई वर्षों से प्रशासनिक एआरटीओ की तैनाती ही नहीं की गई है। इसका कार्यभार एआरटीओ प्रवर्तन के पास है। सांसद का कहना है कि लोगों ने इन पर भ्रष्टाचार और अवैध धन उगाही के आरोप लगाए हैं। चित्रकूट भगवान श्री राम की तपोस्थली के रूप में जाने जाना वाला प्रदेश का प्रमुख पर्यटन व आस्था का केंद्र है। यहां देश के कोने कोने से श्रद्धालु व पर्यटक आते हैं। आरोप है कि एआरटीओ इनकी बसों को अनावश्यक रोककर अवैध धनउगाही करते हैं।

बताया कि इस अधिकारी के खिलाफ सोशल मीडिया में भी धन उगाही और अभद्रता के वीडियो की भरमार दिख रही है, जिसकी शिकायत लगातार उच्चाधिकारियों से की जा रही है। सांसद ने मंत्री से अनुरोध किया है कि एआरटीओ को तत्काल जिले से अन्यंत्र स्थानांतरित किया जाए और जांच कराकर कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग बेटी को ले जाने का आरोप

**मऊ (चित्रकूट)।** थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चार जून की रात वह सो रहा था। सुबह जब उठा तो 15 वर्षीया पुत्री गायब थी। बाद में पता चला कि उसको अमित उर्फ फुल्ली निषाद ले गया है। जब वह आरोपी के घर गया तो वहां वह और उसकी बेटी मौजूद थे। पुलिस को बुलाने लगा तो आरोपी भाग निकला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महोबा निवासी युवक बेटी को ले गया

**भरतकूप (चित्रकूट)।** थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पांच जून को उसके घर में शादी थी। इसी दौरान उसकी 17 वर्षीया बेटी गायब हो गई। पता चला कि उसको महोबा निवासी अमित पुत्र दयाराम बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उसने पुलिस से बेटी का पता लगाने की गुहार की है।

### मामा पर भांजी को ले जाने का आरोप

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने अपने भाई पर पुत्री को ले जाने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि पांच जून को उसकी 19 वर्षीया बेटी को उसका रैपुरा थानांतर्गत एक गांव निवासी सगा भाई अपने साथ ले गया।

### छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई

**रामनगर (चित्रकूट)।** रैपुरा थानांतर्गत एक ग्रामीण ने गांव निवासी एक युवक पर अपनी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि वह छह जून को अपनी पत्नी के साथ गंगास्नान करने प्रयागराज गया था। घर पर उसकी 13 वर्षीया बेटी और नौ वर्षीय पुत्र थे। दोपहर में अंधू पुत्र रघुनाथ ने घर पहुंचकर उसकी बेटी से छेड़छाड़ की। चिल्लाने पर भाग निकला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दलीप कुमार को मिली पीएचडी

**सीतापुर।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं व्यवसाय प्रबंधन संकाय के शोध छात्र दलीप कुमार को बिजनेस मैनेजमेंट विषय पर पीएचडी मिली है। दलीप ने सहायक प्राध्यापक डॉ. संतोष कुमार अरासिया के शोध निर्देशन में शोध किया। उनके शोध का शीर्षक चेंजिंग डेमोग्राफिक डायनामिक्स एंड ऑन लाइन बाइंग बिहेवियर ऑफ कस्टमर्स ए स्टडी (विद स्पेशल रेफरेंस टू चित्रकूट डिस्ट्रिक्ट ऑफ उत्तर प्रदेश) है।

### गालीगलौज से मना करने पर पिटाई की

**भरतकूप (चित्रकूट)।** थानांतर्गत दुगवां गांव की राजकुमारी पत्नी लखना आरख ने एक युवक पर गालीगलौज करने से मना करने पर मारपीट का आरोप लगाया है। उसने रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि चार जून को वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी, इसी दौरान गांव निवासी अजय मिश्रा वहां से निकला और बिनावजह गालीगलौज करने लगा। जब मना किया तो उसने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

### रॉंग साइड चलने वाले वाहनों के विरुद्ध चलाएं अभियान

**उरई (जालौन)।** सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम सख्त दिखे और रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए समस्त उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों व यातायात विभाग को निर्देशित किया है। इस दौरान डीएम ने कहा कि रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए। इतना ही नहीं बल्कि डीएम ने कहा कि सड़क पर अनुशासनहीनता, विशेष रूप से रॉन्ग साइड ड्राइविंग, दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यातायात विभाग को निर्देशित किया कि ऐसे वाहनों की पहचान कर तत्काल चालान की कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों में अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है।


नदी की सफाई के दौरान ग्रामोदय विवि के विद्यार्थी। अमृत विचार

# नियमित अभियान के तहत विद्यार्थियों ने की नदी सफाई

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रयास का असर नजर आने लगा है।

इनके मंदाकिनी नदी सफाई अभियान से स्फटिक शिला घाट और उसके आसपास का जल क्षेत्र काफी कुछ साफ दिखने लगा है। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा की अगुवाई में इस शनिवार भी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने सफाई की। इसमें पर्यावरण पाठ्यक्रम के शोधार्थी-विद्यार्थी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक, चित्रकूट के नागरिकों, साधु संतों ने भाग लेकर श्रमदान किया। श्रमदानियों ने नदी में उपजे शैवाल, पॉलीथिन, नदी में विसर्जित मूर्तियों, पूजा सामग्री को बाहर निकाला इससे नदी में सफाई नजर आने लगी।

स्वच्छता कार्यक्रम में प्रो. शशिकांत त्रिपाठी, डॉ. साधना चौरसिया, डॉ. उमेश शुक्ला आदि मौजूद रहे। श्री कामदगिरि प्रथम मुखारविंद के संत डॉ. मदन गोपाल दास ने इस अभियान की सराहना की।

# साहब! मैं जिंदा हूं, लिखी तख्ती लेकर मुख्यालय पहुंचा ग्रामीण

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

- गांव के युवक पर लगाया ठगी करने का आरोप

**अमृत विचार।** अजब समय है। लोगों को खुद को जिंदा साबित करने के लिए भी गुहार लगानी पड़ रही है। शनिवार को एक युवक ,साहब मैं अभी जिंदा हूं लिखी तख्ती गले में लटकाकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा तो लोगों की बहस का केंद्र बन गया।

पहाड़ी थाना क्षेत्र के रघुवर पुरवा रेहुटा गांव के रहने वाले रमेश यादव ने आरोप लगाया कि एक युवक ने उसको मृत्यु दिखा कर उसकी पत्नी के नाम समूह बनाकर 35 हजार रुपये निकाल लिए। उसने बताया कि आरोपी उसके गांव का ही एक युवक है। उसने ऋण की किश्त न जमा करने के लिए उसका मृत्यु प्रमाणपत्र लगाया और साठगांठ कर माफ करा लिया। जब बैंक से उसके खाते में बीमा राशि आई तो ठगी का खुलासा हुआ। उसने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर उसका मृत्यु प्रमाणपत्र निरस्त कराने की गुहार की। उसने बताया कि वह कई दिनों से शिकायत कर रहा है पर कोई सुनवाई नहीं की गई।



15- ग्रामीण रमेश यादव।

इसके बाद वह जिंदा होने का सबूत देने के लिए गले में तख्ती लटका कर यहां आने को मजबूर हुआ। रमेश ने आरोप लगाया कि उसके गांव के ही सजातीय युवक ने उससे पैसे उधार मांगे थे जो उसने न होने का हवाला देकर मना कर दिया था। इस पर आरोपी ने उसको पत्नी के नाम समूह बनाकर पैसे निकालने की बात कही जिसपर वह सहमत हो गया और 35 हजार की धनराशि भी निकाल ली। कुछ उसकी किस्तें भी भरीं लेकिन बाद में मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर ऋण माफ करा लिया। जब उसके खाते में 13 हजार की धनराशि और आई तो उसे आशंका हुई। इसके बाद वह बैंक पहुंचा तो यह जानकर सन्न रह गया कि बैंक में उसका मृत्यु प्रमाणपत्र लगा हुआ था।


सीसीटीवी कैमरा में कैद फुटेज। अमृत विचार

त्योहार | लोगों ने दी मुस्लिम भाइयों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद

# बकरीद की नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार धूमधाम और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। मुस्लिमों ने नमाज अदा कर देश और समाज के लोगों के अमन चैन की दुआ मांगी।

राजापुर संवाददाता के अनुसार, शाही मस्जिद में बकरीद की नमाज पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच पेश इमाम मो. मोईन ने अदा कराई। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन, क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह, थानाध्यक्ष राजापुर प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे। सोतीपुरवा, मलवारा, सरधुआ, बरुआ, छीबों, गढ़वारा, रायपुर, चांदी, सुरवल, सुरसेन आदि गांवों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद की नमाज परंपरागत ढंग से अदा की। पैगंबर मोहम्मद साहेब से देश व प्रदेश में प्रेम, सद्भावना, आपसी भाईचारा और अमन चमन के लिए दुआएं मांगीं। उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के गले मिलकर मुबारकबाद दी। कहा कि यह त्योहार मुस्लिम समाज के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह आस्था और कुर्बानी देने की भावना को दर्शाता है और आपसी भाईचारा का संदेश देता है। समुदाय के लोग प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दे और कुर्बानी दिए गए पशु के अवशेषों को उचित स्थान पर दफना दें, जिससे समाज में आपसी भाईचारा बना रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि किसी भी धर्म की धार्मिक पुस्तकों में आपस में बैर कराने की बात नहीं लिखी गई है तथा हर समुदाय के लोगों को अपने धर्म के अनुसार त्यौहार मनाने का अधिकार भारतीय संविधान में है। मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष अतहर नईम ने ग्रामीण क्षेत्र तथा कस्बे के समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि आज के दिन अल्लाह पाक ने हजरत इब्राहिम की कुर्बानी के रूप मनाए जाने की परंपरा चली आ रही है और अल्लाह की आज्ञानुसार अपने बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी देने का फैसला किया था। समाज के लोग एकता व देश प्रेम के साथ रहकर कार्य करते हैं तो देश और समाज का विकास संभव हो सकता है। इस मौके पर जेई जयप्रकाश, थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह, शाबिर अली, मेराजुल हक, मो. सफीक, मो. शमीम, रईस अहमद, इस्लाम नईम, मो. वसीम कुरेशी, आबिद अली, साबिद अली, बाबूजी, मदार कुरैशी, मो. अली, मो. रफीक, मो. शकील, मो. हारुन, महबूब अली, लाली खां मौजूद रहे।


बकरीद की मुबारकबाद देते उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा आदि। अमृत विचार


सुरक्षा व्यवस्था देखते पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम आदि। अमृत विचार

### अधिकारियों ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बकरीद को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के मद्देनजर शहर की बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद, कजियाना मोहल्ला, तरौंहा मस्जिद एवं काली देवी चौराहा आदि का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करते हुए पर्व को संपन्न कराए जाने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर एडीएम उमेश चंद्र निगम, एएसपी सत्यपाल सिंह , पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

# हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** पुलिस ने हमला कर चोट पहुंचाने के आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, चार मई को गेदरुआ पत्नी स्व. विजय आदिवासी निवासी ग्राम सिंगलपुरवा मौजा कोल मजरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव निवासी पवन,राकेश पुत्रगण स्व. बड़कू रजक ने शराब के नशे में घर आकर गालीगलौज की और पुत्र सूरज के मना करने पर मारापीटा व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। शनिवार को एसआई अमरेश चंद्र तिवारी ने पवन रजक को बरगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। इसकी निशानदेही पर पुलिस ने झाड़ी में छिपे चाकू को बरामद किया। पुलिस टीम में कांस्टेबिल सुलभ पटेल, अखिलेख कुमार यादव और नौरभ शामिल रहे।

# किराया मांगने पर पीटा

**मऊ (चित्रकूट)।** डाकबंगला निवासी राजेंद्र कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके भाई प्रदुम को, जो ई रिक्शाचालक है, पांच जून को किराया मांगने पर पांच लोगों को मारापीटा। बीचबचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की। इससे उसके भाई का सिर फट गया।

# जिला पंचायत सदस्य ने दुकानदार को पीटा

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के एक मोहल्ला में शुक्रवार की शाम जिला पंचायत सदस्य ने एक दुकानदार को दबंगई से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना में शिकायती पत्र देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार सुधांशू की दुकान पर सुमेन्द्र कुमार बैठा था। वह शेखर मोबाइल की दुकान पर काम भी करता है। शुक्रवार की शाम 6.30 बजे जिला पंचायत सदस्य बलवीर राजपूत पुत्र कमलेश राजपूत, आकाश पुत्र बलवीर, पृथ्वी पुत्र बलवीर व दो तीन अज्ञात दुकान पर चढ़ कर आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर जमकर मारपीट की। इसके बाद दुकान में रखे 90 हजार रुपये लूट ले गये। मारपीट होते देख मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी जय प्रकाश पाल ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश जारी है।

